


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-300 | सीहोर, गुरूवार 23 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### -आग की अफवाह-

# चेन खींचकर ट्रेन से कूद गए लोग 10 से ज्यादा की मौत



जलगांव (ए)। महाराष्ट्र के जलगांव जिले के परांडा रेलवे स्टेशन पर अचानक से अफरा-तफरी का माहौल हो गया. यहां एक अफवाह की वजह से बड़ा हादसा हो गया. दरअसल पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लगने की अफवाह फैल गई. इस अफवाह के बाद ट्रेन में लोग अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे. इसी बीच सामने से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई लोगों को रौंद दिया।

यह घटना शाम करीब 5 बजे की है. ट्रेन में आग लगने की अफवाह के बाद ट्रेन में सवार यात्री घबराए हुए थे और अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूदने लगे. इसी बीच यात्रियों ने ट्रेन की चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई. यह ट्रेन लखनऊ से मुंबई जा रही थी. ठीक उसी वक्त मनमाड से भुसावल जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस दूसरे ट्रैक से गुजर रही थी।

**पहियों से निकली चिंगारी को समझ लिया आग**

बताया जा रहा है कि पुष्पक एक्सप्रेस परांडा रेलवे स्टेशन के पास आ रही थी. तभी ट्रेन के मोटरमैन ने ब्रेक लगाया तो पहियों से चिंगारियां निकलने लगी. इसी दौरान यात्रियों में अफवाह फैल गई कि ट्रेन में आग लग गई है और डरे सहमे लोगों ने कोच से कूदना शुरू कर दिया. हालांकि, जलगांव के जिला कलेक्टर ने कहा कि आग लगने की अफवाह की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है. उन्होंने कहा कि तीन अस्पतालों को सक्रिय कर दिया गया है और सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं. उधर रेलवे अधिकारियों ने भी पुष्पक एक्सप्रेस में अलार्म चेन खींचने की पुष्टि की है. उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि (हॉट एक्सल से) धुएं के कारण लोगों ने चेन खींची होगी और उसी समय ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया होगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुणे में दगडू सेठ गणपति मंदिर पुणे में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

## श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या



अयोध्या (आरएनएस)। रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा और बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किए। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्री रामचंद्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का सैलाबा नजर आया।इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए थे।अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा।

### सैफ अली हमलाः मां के इलाज के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था आरोपी शहजाद

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर अटैक मामले में जांच जैसे-जैसे गति पकड़ रही है, नए-नए खुलासे हो रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार सैफ पर हमले का आरोपी अपनी मां के इलाज के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है और अपनी मां के इलाज के लिए बांग्लादेश भागने के लिए किसी अमीर व्यक्ति को लूटना चाहता था।आरोपी पहले भी कई अपराध कर चुका है। वह पहले पश्चिमी मुंबई के अपमार्केट वर्ली इलाके स्थित रेस्तरां में काम करता था। बाद में वह ठाणे के एक रेस्तरां में चोरी करते पाया गया। इसके बाद उसे वहां से निकाल दिया गया था।जानकारी के अनुसार, हमलावर इस बात से अनजान था कि सैफ अली बॉलीवुड अभिनेता हैं।

## प्रदेश की अधोसंरचना विकास के लिये नागरिक दें सुझाव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के अधोसंरचना विकास को लेकर नागरिकों से सकारात्मक सुझाव आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में जन-सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नागरिक अपने बहुमूल्य सुझाव मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज सकते हैं। सरकार इन सुझावों पर गंभीरता पूर्वक विचार करेगी। अच्छे सुझावों पर अमल करने का पूरा प्रयास किया जाएगामुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 23 जनवरी को भोपाल में जीजी फ्लॉय ओवर (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) का लोकार्पण होगा। यह फ्लॉय ओवर शहर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। जीजी फ्लॉय ओवर के लोकार्पण से क्षेत्र के निवासियों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यातायात में होने वाली असुविधा भी स्थायी रूप से दूर होगी।

# चीन के बाद भारत के इस शहर में फैली खतरनाक बीमारी, अब तक 17 की मौत



जम्मू (आरएनएस)। अभी हाल ही में चीन में अज्ञात बीमारी फैलने की खबरें सामनेआने से पूरी दुनिया सकते में थी वही उत्तर भारत के एक इलाके में अज्ञात बीमारी फैलने की बात सामने आ रही है। जम्मू के राजौरी संभाग के बधाला गांव में अलग-अलग परिवारों के 17 लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए गांव को तीन हिस्सों में बांटकर कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। इन तीन हिस्सों में जोन उन परिवारों का है जिनके सदस्यों की मौत हुई ?है, दूसरे जोन में वे लोग हैं जो अज्ञात बीमारी के रोगियों के संपर्क में आए, तीसरे जोन में बाकी बचे हुए परिवार शामिल हैं। रहस्यमयी बीमारी से मौतों की चल रही जांच के बीच अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र में एक झरने को सील कर दिया। फिलहाल, झरने (बावली) से लिए गए पानी में कुछ कीटनाशकों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस वजह से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

केंद्रीय टीम रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। इस अंतर-मंत्रालयी टीम की जम्मू-कश्मीर के फोरेंसिक साइंस, पशुपालन और खाद्य सुरक्षा विभाग भी मदद कर रहे हैं। टीम रविवार को ही बुधल पहुंच गई थी।

## यूसीसी मुसलमानों के खिलाफ नहीं बल्कि विवाह सुधार के लिए : शाहनवाज हुसैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन बुधवार को आईएएनएस खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) तो मुसलमानों के खिलाफ बताए जाने के एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि यूसीसी मुसलमानों के खिलाफ नहीं बल्कि विवाह सुधार के लिए है।असदुद्दीन ओवैसी के बयान कि यूसीसी को सिर्फ मुसलमानों को परेशान करने के लिए बनाया जा रहा है, इस पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा, देश में संविधान है, क्रिमिनल लॉ को सभी मानते हैं, लेकिन जब सिविल लॉ में बराबरी की बात आती है, तो उस पर ऐतराज हो जाता है। जो मुसलमान यूरोप और इंग्लैंड में रहते हैं, वे वहां के कानून, सिविल लॉ को मानते हैं कि नहीं, अपने देश गोवा में भी मानते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुसलमानों को तंग करने का कोई इरादा नहीं है। बल्कि विवाह सुधार के लिए ये कानून लाया जा रहा है। संविधान निर्माताओं ने भी कहा था कि विवाह सुधार और यूसीसी होना चाहिए, जिसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं।

# सर्दी के मौसम में गर्मी का अहसास

**एकदम से बदला मौसम का मिजाज**

भोपाल (ए.)। मौसम शुष्क होते ही तेज धूप ने ठंड की अकड़ निकाल दी7 दिन का तापमान तीन पायदान ऊपर चढ़ गया तो रात का एक पायदान ऊपर रहा। सर्दी के मौसम में गर्मी का अहसास बुधवार को लोगों ने महसूस किया। दिन में धूप तीखी लग रही थी। शाम ढलने के बाद कुछ ठंडक आई। फिलहाल, दो तीन दिन मौसम ऐसे ही रहने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले समय में ठण्ड लौटेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक राजस्थान और गुजरात के ऊपर बने चक्रवात की वजह से मौसम के हालात बदल गए हैं। चक्रवात



के कमजोर पड़ने पर मौसम में बदलाव हो सकेगा। हालांकि उत्तरी हवाओं की रफ्तार तेज होने की वजह से तापमान में उछाल का उतना असर समझ में नहीं आ रहा है।

मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रात:काल 89 प्रतिशत और सायंकाल 40 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.52 बजे हुआ।

उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला पचमढ़ी रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।




### 9 साल की बच्ची के पेट से निकले डेढ़ किलो बाल, डॉक्टरों ने बताई इसके पीछे की वजह

मुजफ्फरपुर(आरएनएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक दुर्लभ मामले में, श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसकेएमसीएच) के डॉक्टरों ने एक 9 वर्षीय बच्ची के पेट से सफलतापूर्वक डेढ़ किलो बालों का गुच्छा निकाला। बच्ची पिछले सात सालों से बाल खाने की आदत से पीड़ित थी, जो कि ट्राइकोटिलोमेनिया नामक एक मनोरोग का लक्षण है।

साहेबगंज की रहने वाली इस बच्ची को पेट में लगातार दर्द और भूख न लगने की शिकायत थी, जिसके बाद उसके परिवार वाले उसे एसकेएमसीएच के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में ले गए। जाँच के दौरान, एक्स-रे और सीटी स्कैन में बच्ची के पेट में बालों का एक बड़ा गुच्छा पाया गया। पेडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने बच्ची का ऑपरेशन किया और सफलतापूर्वक बालों के गुच्छे को निकाला। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची पिछले 15 दिनों से खाना नहीं खा पा रही थी और हर बार उल्टी कर देती थी। डॉ. आशुतोष ने बताया कि बच्ची ट्राइकोटिलोमेनिया से पीड़ित है, एक ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति अनियंत्रित रूप से अपने बाल खाने लगता है।

# मोदी सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा, बढ़ाई गई एमएसपी



नई दिल्ली (आरएनएस)। पीएम मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए हैं। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 315 रुपये की बढ़ोतरी की है, 2025-26 के विपणन सत्र के लिए इसे 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कैबिनेट में आज दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। पहला रॉ जूट की एमएसपी को लेकर है। कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी है। पीयूष गोयल ने आगे कहा कि मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है।

### दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, अंतरिम जमानत पर एकमत नहीं पीठ

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूर्व आप नेता ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर विभाजित फैसला सुनाया।

ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक न्यायमूर्ति पंकज मित्तल ने पूर्व आप नेता की याचिका खारिज कर दी तो वहीं, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को स्वीकार कर लिया।

### खौलते तेल में गिरने से 2 साल के मासूम की दर्दनाक मौत, पिता की आंखों के सामने हुआ हादसा

भोपाल ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां सगाई समारोह में खेलते-खेलते दो साल का मासूम बच्चा गर्म तेल की कढ़ाई में गिर गया। बुरी तरह झुलसे बच्चे की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।यह घटना निशातपुरा थाना क्षेत्र की है, जहां सगाई समारोह चल रहा था। तभी दो साल का मासूम अक्षांश साहू खेलते-खेलते गर्म तेल वाली कढ़ाई के करीब पहुंच गया। वहां मौजूद कोई व्यक्ति कुछ समझ पाता, इससे पहले बच्चा इस खौलते तेल की कढ़ाई में जा गिरा।

इस घटनाक्रम को अक्षांश के पिता ने देखा, जो कुछ ही दूरी पर खड़े थे। वह उस तरफ दौड़े चले आए और आनन-फानन में बच्चे को गर्म तेल की कढ़ाई से निकाला और उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए। बताया गया है कि बच्चा बुरी तरह झुलस गया था और उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद बच्चे को बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होगी जीआईएस




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटके लिए उद्योग समूहों और निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में हुए इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। औद्योगिक विकास की गति को तेज कर प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक उन्नत और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। हमारी व्यापारिक राजधानी इंदौर ने स्वयं को स्वच्छता की राजधानी के रूप में भी स्थापित किया है। पीथमपुर और मंडीदीप प्रदेश ही नहीं देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, फार्मा, पर्यटन, आईटी,सहित सभी क्षेत्रों में सुगम एवं आकर्षक नीतियां विकसित की गई हैं। राज्य के विभिन्न अंचलों में निवेश प्रोत्साहन के लिए देश के शहरों में जाकर उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किये गए हैं। पुणे का सत्र भी इसी क्रम की अगली कड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर इंटरैक्टिव सेशन का शुभारंभ किया।

**सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर विशेष रूप से दे रही है ध्यान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग जगत को श्रमिक समस्या सहित अन्य कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता। स्वयं के कार्य पर एकाग्रता के साथ ध्यान देना प्रदेशवासियों का विशिष्ट गुण है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का विचार सरकार और समाज में रचा बसा है। सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों से प्रबंधन के वर्तमान दौर में मध्यप्रदेश में उद्योगों का संचालन अधिक सरल और सुगम हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उद्योग समूहों और मध्यप्रदेश के संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उद्योगपति का देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान है।

## यादगीर स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस को ठहराव की सुविधा

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, भोपाल मंडल के भोपाल एवं इटारसी स्टेशन से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22691/22692 (बैंगलुरू-हजरत निजामुद्दीन- बैंगलुरू राजधानी एक्सप्रेस) का दक्षिण मध्य रेलवे के गुंतकल मंडल के यादगीर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। दिनांक 27 जनवरी, 2025 से गाड़ी संख्या 22692 (हजरत निजामुद्दीन-बैंगलुरू राजधानी एक्सप्रेस) यादगीर स्टेशन पर 20:38 बजे आगमन और 20:40 बजे प्रस्थान करेगी। दिनांक 28 जनवरी, 2025 से गाड़ी संख्या 22691 (बैंगलुरू-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस) यादगीर स्टेशन पर 03:03 बजे आगमन और 03:05 बजे प्रस्थान करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को कॉरिडोर निर्माण में हो रहे विलंब से राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कराया अवगत

भोपाल (आरएनएस) भोपाल के नर्मदापुरम मार्ग पर सुचारू आवागमन के लिए मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर का निर्माण शीघ्र किया जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर द्वारा भेंट करने के बाद संबंधित अधिकारियों को उक्त आशय के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने 22 जनवरी को नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के निवास पर उनसे भेंट कर कॉरिडोर के निर्माण में हो रहे विलंब की जानकारी से अवगत कराया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति



नहीं हुई है, यह कार्य जिस गति से होना चाहिए उस गति से नहीं हो रहा है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी से कॉरिडोर के निर्माण कार्य को एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण) से शीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया। कॉरिडोर के आभाव में इस क्षेत्र में आवागमन में हो रही दिक्कतों और सड़क दुर्घटनाओं की ओर केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी का ध्यान आकृष्ट कराया।केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने विभागीय अधिकारियों को राज्य मंत्री श्रीमती गौर के द्वारा दिए गए अनुरोध पत्र पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर मार्ग का निर्माण शीघ्र होगा। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने रत्नागिरी तिराहे से सिंधिया तिराहा (एयरपोर्ट तक) साढ़े 16 किलोमीटर लंबे अयोध्या नगर बायपास मार्ग का निर्माण के स्वीकृत करने पर केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क रत्नागिरी तिराहे से सिंधिया तिराहा (एयरपोर्ट तक) के निर्माण की स्वीकृति और मिसरोद बीआरटीएस कॉरिडोर से सीआरआरआई एमप्री से रत्नागिरी तिराहा तक एलिवेटेड कॉरीडोर निर्माण से भोपाल महानगर के एक बड़े हिस्से की आबादी को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से यातायात सुगम होगा और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

## राजभवन 25 से 27 जनवरी तक आमजन के लिए खुलेगा

भोपाल (आरएनएस)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक आमजन के लिए खोला जा रहा है। इस अवधि में राजभवन में संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ओपन थिएटर के माध्यम से अमर शहीदों की गौरव गाथा सहित विकास की झलक दिखाने वाली लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिक निर्धारित अवधि में राजभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 और 27 जनवरी को राजभवन, दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आमजन को राजभवन भ्रमण की अनुमति रहेगी।

## कांजी हाउस फुल, सडकों पर आए गौवंश



भोपाल,(आरएनएस)। शहर की सडक़ों पर छह हजार से अधिक बेसहारा मवेशी घूम रहे हैं, जो आए दिन सडक़ हादसे का कारण बन रहे हैं। आए दिन लोग मवेशियों से टकराकर घायल हो रहे हैं, जिसे देखते हुए नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकडऩे के लिए पिछले साल अगस्त माह से अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अहम बात यह है कि इस वक्त शहर के 90 फीसद कांजी हाउस फुल हैं, ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि सडक़ों से गौवंश कैसे हटेंगे? क्योंकि नगर निगम का अमला मवेशियों को पकडकर पहले कांजी हाउस लेकर जाता है, फिर 15 दिन वहां रखने के बाद गौशाला भेज देता है। सूत्र बताते हैं कि राजधानी में करीब 28 गौशालाओं के संचालकों ने भी पशुओं को लेने से इनकार कर दिया है।

## गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध 1073 प्रकरणों में वसूल किए 01 लाख 54 हजार 150 रुपये

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के समस्त 21 जोनों के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने मंगलवार को 1073 प्रकरणों में 01 लाख 54 हजार 150 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 15 प्रकरणों में 29 हजार 900 रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मंगलवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की।

## सडिपुका भोपाल स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (डायमंड फाइव स्टार ) कैटेगरी अवार्ड से सम्मानित



भोपाल (निप्र)। सेफ्टी काउंसिल भोपाल (मध्य प्रदेश) द्वारा सवारी डिब्बा पुननिमार्ण कारखाना, भोपाल को वर्ष 2024-25 हेतु (HSE) स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (डायमंड फाइव स्टार) कैटेगरी अवार्ड से नवाजा गया। कारखाने के मुख्य सुरक्षा अधिकारी जी.आर. भिण्डिया एवं सुरक्षा अधिकारी योगेश के. काले को यह अवार्ड सेफ्टी कांउसिल द्वारा आयोजित सेफ्टी अवार्ड कार्यक्रम में प्रदान किया गया। सेफ्टी कांउसिल मध्य प्रदेश द्वारा यह अवार्ड कारखाने में स्वास्थ, सुरक्षा एवं पर्यावरण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। कारखाने के मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे ने बताया कि कारखाने में सुरक्षा संबंधित मापदंड उच्चस्तर के है एवं उनका 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। उन्होने कहा कि कारखाने की उत्पादकता के साथ सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। यह अवार्ड प्राप्त होनें पर मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे एवं फैक्ट्री मैनेंजर सोहन सिंह परमार जी द्वारा समस्त अधिकारियों, सुपरवाईजरों व कर्मचारियों को बधाई दी गई।

## शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

भोपाल(आरएनएस)। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रात: 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए।जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुन: क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए।

## स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें



भोपाल (निप्र)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार और सहज उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्य भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समय सीमा में पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागीय प्रगतिरत परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने और साथ-साथ फर्नीचर, उपकरण और मैनपावर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ इन सभी पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है ताकि परियोजनाएं पूर्ण होते ही सेवाओं का प्रदाय किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना के कार्य सीधे आम जनता से जुड़े हैं, इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा किया जाये। उन्होंने सभी कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन प्रगति एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

**आगामी 2 वर्षों में तैयार होंगे 8 नवीन मेडिकल कॉलेज**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। इन कार्यों को आगामी 2 वर्षों में पूर्ण करने के लिये योजनाबद्ध रूप से कार्य करें और नियमित मॉनिटरिंग करें। किसी भी प्रकार की समस्या को तुरंत संज्ञान में लायें ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके। प्रशासनिक उदासीनता से कार्य की प्रगति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अनुसांगिक अस्पतालों के निर्माण और उन्नयन कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये। ताकि एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) से अनुमोदन प्राप्त कर मेडिकल कॉलेजों का संचालन शीघ्र शुरू हो सके।

## 06579 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु)- बनारस एक तरफ़ा विशेष ट्रेन 01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा एवं उनकी यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने के उद्देश्य से विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 06579 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु)-बनारस एक तरफ़ा विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 06579 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु)-बनारस एक तरफ़ा विशेष ट्रेन दिनांक 23 जनवरी 2025 (गुरुवार) को सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) स्टेशन से दोपहर 13.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रात 23.30 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते



हुए तीसरे दिन दोपहर 13.30 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट:**

रास्ते में यह गाड़ी तुमकुर, टिप्टूर, अरसीकेरे जंक्शन, बिरूर जंक्शन, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, रानीबेन्नूर, हावेरी, श्री सिद्धारूधा स्वामी हब्बल्ली जंक्शन, धारवाड़, अलनावर जंक्शन, लोंडा जंक्शन, बेलगावी, घाटप्रभा, रायबाग, मिराज जंक्शन, सांगली, किर्लोस्करवाड़ी, कराड, सतारा, पुणे जंक्शन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना:**

इस विशेष ट्रेन में 17 शयनयान श्रेणी एवं 01 सामान्य श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES/IRCTC ऐप डाउनलोड करें।

## परीक्षा से पहले ही वायरल हो रहे 10-12वीं के प्री बोर्ड पेपर

भोपाल,(आरएनएस)। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) द्वारा कराई जा रही एमपी बोर्ड की 10-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इधर, डीपीआई का कहना है कि पेपर लीक होने की गुंजाइश नहीं है, क्योंकि सभी पेपर उसी दिन प्राचार्य के ओटीपी से खुलते हैं। जानकारी के अनुसार मंदसौर में स्टूडेंट्स के पास कुछ पेपर दो दिन पहले तो कुछ पेपर एक दिन पहले ही पहुंच गए। ये सभी पेपर सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और यू-ट्यूब पर भी वायरल हुए। स्टूडेंट्स का कहना है कि परीक्षा में जो प्रश्न-पत्र दिए गए, वह उससे हूबहू मिलते रहे थे। 12वीं के एक छात्र ने बताया कि उसका पहला पेपर 16 जनवरी को था। यह पेपर एक दिन पहले ही टेलीग्राम पर आ गया था। 17 को हिंदी का और 20 जनवरी को गणित का पेपर भी लीक हुआ। ये सभी पेपर टेलीग्राम और इंस्टाग्राम पर डाले गए थे। इसी तरह 21 जनवरी को 12वीं का बायोलॉजी का पेपर दो घंटे पहले सोशल मीडिया पर डाला गया।

# संक्षिप्त समाचार

## एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार थार कार की टक्कर से लोडिंग ट्रक पलटा

भोपाल (आरएनएस)। एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार थार कार की टक्कर से लोडिंग ट्रक पलट गया। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, हादसे में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। थार में सवार चारों युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। गांधी नगर पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार थार परवलिया से गांधी नगर की तरफ आ रही थी। ट्रक को पीछे से टक्कर मारने के कारण लोडिंग ट्रक पलट गया। हादसे में लोडिंग ट्रक चालक और थार में सवार सभी चारों युवकों को चोटें आईं, लेकिन कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। हालांकि कार और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।जानकारी के अनुसार, होली फैमिली स्कूल के सामने पुल पर एयरपोर्ट रोड से गांधी नगर की ओर जा रही तेज रफ्तार थार ने आगे चल रहे ट्रक को टक्कर मारी। यह टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। मौके पर गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत निजी अस्पताल भिजवाया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

## बड़े तालाब में मिला युवक का शव

भोपाल (आरएनएस)। बड़े तालाब में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला है। जिसे गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। श्यामला हिल्स पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह शीतलदास की बगिया बड़ी झील में एक युवक का शव दिखाई दिया था। गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले। इसलिए उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।लाश करीब दो से तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। मृतक की उम्र 30-35 के बीच है। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस अब उसकी शिनाख्ती के प्रयास में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मिठी गोबिंदराम स्कूल में छात्रों की आंखों और दांतों की हुई जांच

भोपाल।(आरएनएस) संत हिरदाराम नगर स्थित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में आज से तीन दिवसीय नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के आंखों और दांतों की जांच की गई। यह शिविर सेवा सदन आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा संचालित किया गया।शिविर में बच्चों की आंखों और दांतों की जांच के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी जागरूकता फैलाई गई। चिकित्सकों ने जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाईं, उन्हें तुरंत परामर्श दिया और उनके अभिभावकों को आवश्यक चिकित्सा मार्गदर्शन प्रिस्क्रिप्शन के माध्यम से प्रदान किया।

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय प्रबंधन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस अवसर पर संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह और उपप्राचार्य दीपा एंथोनी सहित समस्त कोऑर्डिनेटर्स और शिक्षक उपस्थित रहे। यह पहल बच्चों के समग्र स्वास्थ्य के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ ने मनाया संस्कार उत्सव

भोपाल (आरएनएस)। श्यामला हिल्स स्थित हिन्दी भवन में मंगलवार को मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ ने अपने स्थापना दिवस पर संस्कार उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान संघ के संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने राज्य के मुख्यमंत्री से प्रदेश को हिन्दू राज्य घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही हिन्दुत्व की लहर में इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से होनी चाहिए, क्योंकि यहां हिन्दू आबादी सबसे अधिक है।कार्यक्रम में संघ ने मध्यप्रदेश को हिन्दू राज्य घोषित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए यह कदम जरूरी है। आयोजन के दौरान 16 संस्कारों पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवकों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही, सनातन संस्कृति को अपनाने और जीवन में उसका अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कपिल शर्मा, निदान वेलफेयर सोसायटी के सदस्य और अन्य संत व संघ के सदस्य मौजूद रहे।संघ के संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने कहा, जब कश्मीर के मुख्यमंत्री अपने राज्य को इस्लामिक राज्य घोषित कर सकते हैं, तो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी हिन्दुत्व को बढ़ावा देने के लिए खुलकर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दू राज्य घोषित करने का अर्थ अन्य धर्मों का विरोध करना नहीं है। लेकिन जब हमारे भगवान की मूर्तियां जमीन के नीचे मिलती हैं, तो हमें पीड़ा होती है। जब पाकिस्तान अपने आपको इस्लामिक राष्ट्र कहता है, अरब देश इस्लामिक संस्कृति के आधार पर पहचाने जाते हैं, तो भारत को अपनी सनातन संस्कृति के अनुसार हिन्दू राष्ट्र बनने में क्या समस्या है। कार्यक्रम के दौरान 16 संस्कारों की महत्ता पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सनातन धर्म के संरक्षण और समाज में एकता का संदेश देने पर जोर दिया गया। संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने कहा कि हिन्दुत्व केवल एक धर्म नहीं, बल्कि सबको जोड़ने वाली पद्धति है। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान है, जो विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश देती है। कार्यक्रम के समापन पर समाज सेवा और धर्म के प्रति काम करने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

## कचरा प्रबंधन के साथ रोजगार भी, क्षमता निर्माण भी

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा कचरा प्रबंधन हेतु लगातार नवाचार व नवीन प्रयास किए जा रहे है और अपशिष्ट से विभिन्न प्रकार के उपयोगी वस्तुए बनाकर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे है। इसी क्रम में कचरा प्रबंधन में की अवधारणा को मूर्तरूप देते हुए नगर निगम द्वारा नारियल अपशिष्ट, पुराने कपड़ों व फूलों से विभिन्न प्रकार के उपयोगी उत्पाद बनाने के प्लांट लगाए गए है। इन प्लांटों के माध्यम से स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने और समूहों की महिलाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने के दृष्टिगत नये-नये उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिलाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके तहत विभिन्न चरणों में अलग-अलग समूहों को अलग-अलग उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से दिया जाएगा। नगर निगम, भोपाल द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन में सहयोगी संस्था मास्टरी इन्फोटेक के माध्यम से स्व सहायता समूहों की महिलाओं को नारियल अपशिष्ट से चिड़िया के घोसले व नर्सरी में उपयोगी विभिन्न प्रकार के उत्पाद, बॉयो एन्जाईम सहित पुराने कपड़ों से रस्सी व फूलों से अगरबत्ती एवं गुलाल बनाने का चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दानापानी कचरा ट्रांसफर स्टेशन स्थित रिसाईकिल हब में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि स्व सहायता समूहों की महिलाओं को नये उत्पाद बनाने की प्रक्रिया की जानकारी हो से और उनके कौशल विकास के साथ ही वह आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ बने। निगम द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह एक और नवाचार है।

# नेताओं के बच्चों को अधिक नंबर देकर डिप्टी कलेक्टर बनाया, छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप



इंदौर (ए.)। एमपीपीएससी (मप्र लोक सेवा आयोग) की भर्तियों पर छात्र संगठन नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) ने गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारियां पोस्ट की हैं और कहा है कि इंटरव्यू की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी इंटरव्यू की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। हाल ही में उन्होंने एक प्रेस वार्ता करके कहा है कि एमपीपीएससी के इंटरव्यू की रिकॉर्डिंग क्यों नहीं की जा रही है?

**तीसरे नंबर पर आए छात्र ने साझा किया दर्द**

मेन्स के परिणाम में थर्ड टापर रहे राम सोलंकी ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया है। राम को मेन्स में 768 नंबर मिले और इंटरव्यू में उन्हें सिर्फ 75 नंबर दिए गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कविता लिखकर कहा है कि मेन्स में सबसे ऊंचा था मेरा नाम, जब आया इंटरव्यू का पहर, सपनों पर लगा दिया भ्रष्टाचार का जहर। 75 अंक देकर किया किनारा, मेरी मेहनत को कर दिया बेसहारा।

| मुख्य परीक्षा अंक (1400) | इंटरव्यू अंक (175) |
|---|---|
| 1. 797 (Highest) | 63 |
| 2. 769 (wnd Highest) | 100 |
| 3. 768 (xrd Highest) | 75 |
| 4. 758 (Mains Topper) | 63 |
| 4. 753 (Mains Topper) | 67 |
| 5. 746 (Mains Topper) | 85 |

| Mains Low Score | Interview Topper |
|---|---|
| 1. 618 | 155 |
| 2. 690 | 155 |
| 3. 715 | 155 |
| 4 .648 | 154 |
| 5. 653 | 153 |
| 6. 640 | 151 |
| 7. 695 | 150 |

**आयोग पर क्या हैं आरोप**

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) के सदस्यों का कहना है कि जिन छात्रों को मुख्य परीक्षा में सर्वाधिक नंबर आए वे इंटरव्यू में कम नंबर ला पाए और नेताओं के जो बच्चे मुख्य परीक्षा में कम नंबर लाए थे इंटरव्यू में उन्हें सर्वाधिक नंबर दिए गए। परिणाम यह हुआ कि मुख्य परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले तहसीलदार बनकर रह गए और इंटरव्यू में मिले अधिक नंबरों के दम पर नेताओं के बच्चे डिप्टी कलेक्टर बन गए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ छात्रों को लगातार हर परीक्षा में इंटरव्यू में बेहतर नंबर दिए गए।

इंटरव्यू की रिकार्डिंग करवाने में क्यों डरता है आयोग

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवाययू) ने इस मुद्दे पर सवाल उठाए हैं और उनका कहना है कि इंटरव्यू को पारदर्शी तरीके से करने पर ही यह धांधली रुकेगी। संगठन के राधे जाट और रणजीत किसानवंशी ने कहा कि एक दो नहीं बल्कि इस तरह के सैकड़ों मामले हैं जिनमें नेताओं के बच्चों और परिचितों को इंटरव्यू में अधिक नंबर देकर बड़े पदों पर बैठाया गया है। दोनों ने कहा कि इंटरव्यू की रिकार्डिंग करवाने और उसे जनता के बीच सार्वजनिक करने में आयोग क्यों डरता है। जब कोर्ट की रिकार्डिंग हो रही है तो आयोग के इंटरव्यू की रिकार्डिंग करने में क्यों रुकावट है। संगठन का यह भी कहना है कि इंटरव्यू का वेटेज कम करना चाहिए। इंटरव्यू के नंबर सिर्फ 100 ही रखना चाहिए ताकि इतना अधिक अंतर न आए।

## प्रदेश के कई जिलों में छाया कोहरा, पारा बढ़ने से सर्दी में गर्मी का अहसास, कब बदलेगा मौसम?

मंडला (ए.)। मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां पहले कड़ाके की ठंड का दौरा चल रहा था, वहीं अब दो-तीन दिन से तापमान में गिरावट देखी जा रही है। दिन में ठंड गायब सी हो गई है और धूप खिल रही है। हालांकि, रात में कुछ शहरों में ठंड अभी भी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है की हवा का रुख बदलने से मौसम में परिवर्तन आया है। रात में भोपाल, मंडला, पचमढ़ी, राजगढ़, उमरिया, नौगांव जैसे शहरों में पारा 10 डिग्री और दिन का 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। 24 जनवरी से ठंड का एक दौर और आ सकता है। इससे पहले बुधवार को ग्वालियर-चंबल में बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तरी हवा आने से रात के तापमान में गिरावट के आसार है।

**दो-तीन डिग्री गिरेगा पारा**

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया प्रदेश में हवा का रुख बदलने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। 24 जनवरी से उत्तर से सर्द हवा आना शुरू हो सकती है। इससे न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। पिछले चार दिन से प्रदेश के मौसम में काफी बदलाव हुआ है।

## विविध-समाचार

### सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटे की हालत गंभीर, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

इंदौर (ए.)। इंदौर के समीप तिल्लौर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल बेटे को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार ने आरोप लगाया है कि एमवाय अस्पताल में करीब चार घंटे तक सही उपचार नहीं मिलने के कारण पिता की मृत्यु हुई। खुड़ैल पुलिस के अनुसार, राकेश वर्मा (42) निवासी तिल्लौर खुर्द की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई और उनका 20 वर्षीय बेटा यश गंभीर घायल हो गया। हादसा उनके घर से लगभग एक किलोमीटर पहले हुआ, जब एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद गंभीर हालत में दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां रात करीब 3 बजे राकेश ने दम तोड़ दिया।

परिजनों ने बताया कि हादसा रात करीब 11 बजे हुआ था। आधे घंटे में वे एमवाय अस्पताल पहुंच गए थे। दुर्घटना के बाद राकेश परिवार से बातचीत कर रहे थे, लेकिन उन्हें देर रात तक इमरजेंसी वार्ड में रखा गया और सही इलाज नहीं किया गया, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो गई। बाद में, परिजनों ने यश की स्थिति को देखते हुए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिवार ने यह भी बताया कि मंगलवार को राकेश अपने बेटे यश और अन्य परिजनों के साथ लड़की देखने उज्जैन गए थे। वहां से लौटने के बाद रात करीब 8 बजे बेटे ने दुकान का सामान लाने की बात कही। दोनों पालदा इलाके में सामान लेने गए, लेकिन वापस लौटते समय उनकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी। राकेश तिल्लौर में सैलून पार्लर चलाते थे। उनका बेटा यश अपनी पढ़ाई के साथ-साथ उनके काम में मदद करता था। परिवार में उनकी पत्नी, बेटी, बड़े भाई और माता-पिता भी शामिल हैं।

### कार में ले जा रहे विस्फोटक सामग्री के साथ दो गिरफ्तार, 600 सेल के साथ ब्लास्ट करने वाली मशीन जब्त

दमोह (ए.)। दमोह कोतवाली पुलिस ने एक कार से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है। इस मामले में सागर जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी भावना दांगी ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली थी कि धरमपुरा सीताबावली के पास कार नंबर एमपी 15 सीए 5159 में अवैध विस्फोटक सामग्री ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार को घेराबंदी कर रोका। कार में सवार नीलेश पिता वृंदावन विश्वकर्मा एवं सतीश पिता भरत विश्वकर्मा निवासी रोन कुमरई, जिला सागर के कब्जे से डायनामाइट के 600 सेल, तीन डोरी के बंडल, ब्लास्ट करने की मशीन, 10 कैप, दो बिट, एक लोहे की रॉड और ड्रिल जब्त की गई। जिसकी कुल कीमत 48 हजार 600 रुपए है। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और कार को भी जब्त कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में कोतवाली टीआई आनंद राज सहित टीम का सहयोग रहा।

**इधर, सिंगरौली जा रहे दो युवकों से मारपीट कर प्याज लूटी**

दमोह देहात थाना क्षेत्र के ग्राम समन्ना तिराहा पेट्रोल पंप के पास बीती रात दो युवकों के साथ मारपीट कर एक बोरी प्याज लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पथरिया थाने के ग्राम रजवांस निवासी राहुल राठौर (25) एवं उमाशंकर रैकवार (21) ने बताया कि वे दोनों मित्र हैं और बीती रात मालवाहक वाहन से प्याज लेकर पथरिया से सिंगरौली जा रहे थे।

## चंबल नदी के बीच टापू पर बने घर से मिला 2000 किलो से अधिक डोडाचूरा, नाव में सफर कर पहुंची टीम



मंदसौर (ए.)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मंदसौर जिले की शामगढ़ तहसील के चंबल नदी के डूब क्षेत्र में स्थित करेलिया टापू पर एक सुनसान घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के अंदर कुल 103 बोरों में भरा हुआ 20 क्विंटल 83 किलो 400 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया।

दरअसल, मामले की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार सुबह सीबीएन के अधिकारियों की टीमों को करेलिया टापू के लिए रवाना किया गया। टापू तक पहुंचने के लिए एक टीम नाव से और दूसरी टीम पैदल यात्रा पर निकली। दोनों टीमों को मौके पर पहुंचने के लिए नाव और पैदल करीब 60 मिनट की यात्रा करनी पड़ी। मौके पर पहुंचने के बाद टीम ने घर की तलाशी ली, जहां अवैध डोडाचूरा भरे 103 प्लास्टिक बैग बरामद हुए।

## सुसाइड नोट में लिखा-पत्नी और सास-साली जिम्मेदार

इंदौर (आरएनएस)। बाणगंगा इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक सुसाइड नोट लिखा जिसमें पत्नी, सास और सालियों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस के मुताबिक नितिन (28) पुत्र बाबूलाल पडियार, निवासी यादव नंद नगर को सोमवार रात परिवार के सदस्यों ने फंदे पर लटका हुआ पाया। बताया जा रहा है कि नितिन ने करीब पांच साल पहले हर्षा नाम की युवती से लव मैरिज की थी। हर्षा वर्तमान में अपने मायके में रह रही है और कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। परिवार का आरोप है कि पत्नी भरण-पोषण के अलावा उससे 30 लाख रुपए मांग रही थी।

## इंदौर का पिलियाखाल इतना साफ कि अब वहां होगी नगर निगम परिषद की बैठक

### इंदौर के अन्नपूर्णा में बदमाशों का तांडव सीसीटीवी में कैद हुई कारों की तोड़फोड़



इंदौर (ए.)। प्रिकांको कॉलोनी के निवासी प्रमोद शर्मा परिवार के साथ रहते हैं और 9 जनवरी से तीर्थयात्रा पर गए हुए थे। 20 जनवरी की रात पड़ोसी ईश्वर भारद्वाज का फोन आया, जिसमें उन्होंने बताया कि बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी कारों पर पथराव किया है। प्रमोद की कार के कांच भी इस दौरान तोड़ दिए गए। मामले की जानकारी पड़ोसी ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची एफवीआर टीम ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराने को कहा।

21 जनवरी को इंदौर लौटने के बाद प्रमोद शर्मा ने अन्नपूर्णा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपे, जिसमें बाइक सवार बदमाश साफ तौर पर कारों में तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। पुलिस ने फुटेज देखने के बाद मामले की जांच का आश्वासन दिया, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी अब तक पकड़ में नहीं आए हैं।


## कार्रवाई के बाद भी नहीं मान रहे युवा, दुस्साहस दिखाकर महाकाल मंदिर में अब भी बनाई जा रही रील



उज्जैन (ए.)। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के कड़े निर्देशों के बावजूद भी फिल्मी गानों पर रील बनाने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। महाकाल लोक और महाकाल मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु यहां दर्शन तो करते हैं, लेकिन इसके बाद फिल्मी गानों पर रील बनाकर वायरल करते हैं जिससे मंदिर की प्रतिष्ठा खराब हो रही है।

श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को यहां रील ना बनाने की कई बार हिदायत दे चुकी है, लेकिन उसके बावजूद श्रद्धालु नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। लगभग नौ माह पहले तो कुछ युवतियां मंदिर परिसर में रील बना रही थीं। तभी ड्यूटी पर तैनात महिला सुरक्षा गार्ड ने उन्हें प्रतिबंधित क्षेत्र में वीडियो रील बनाने से मना किया तो वह विवाद करने लगीं और देखते ही देखते चार-पांच लड़कियों-युवतियों ने तीनों महिला सुरक्षा गार्ड से मारपीट शुरू कर दी। महाकाल थाना पुलिस ने मारपीट करने वाली नागदा निवासी युवतियों के खिलाफ धारा 323, 294, 506 और 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया था लेकिन इस कार्रवाई के बावजूद भी श्रद्धालु मानने को तैयार नहीं है।

## मस्तक पर वैष्णव तिलक, गले में मुंड की माला और फिर भस्म रमाकर सजे बाबा महाकाल



उज्जैन (ए.)। आज की भस्म आरती के दौरान कालों के काल बाबा महाकाल वैष्णव तिलक और मुंडमाला धारण कर सजे। भक्तों ने इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया, इस दौरान मंदिर परिसर जय महाकाल के जयघोष से गूंज उठा। श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुबह 4 बजे हुई भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का पंचामृत पूजन-अभिषेक कर उन्हें वैष्णव तिलक लगाकर आकर्षक स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। जिसने भी इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया, वह भावविभोर हो गया।

## इमोशनल कहानी सुनाकर अधिकारियों से कर रहा था ठगी, पुराने शिकार के पास दोबारा पहुंचने पर खुली पोल

सीहोर (ए.)। सीहोर में अजीबो-गरीब मामले में एक व्यक्ति अधिकारियों और कर्मचारियों को भावुक कहानियां सुनाकर ठगने का काम कर रहा था। पुलिस ने बेंगलुरु निवासी इस मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह है कि ठग एक बार ठगे गए अधिकारी के पास दोबारा पहुंच गया, जिसके बाद उसकी पोल खुल गई।

मामला 20 जनवरी का है, जब कलेक्टर कार्यालय में ई-गवर्नेंस प्रबंधक गौरव बंसल के पास एक व्यक्ति मदद मांगने पहुंचा। उसने अपने पर्स चोरी होने और आर्थिक तंगी की झूठी कहानी सुनाई। हालांकि गौरव ने उसे तुरंत पहचान लिया।

## व्यापार समाचार

# फोन-पे ने महाकुंभ में चलाया अभियान, 144 रुपए का फ्लैट कैशबैक देने की घोषणा

नई दिल्ली,(ए.)। फोन-पे ने महाकुंभ मेले के इर्द-गिर्द एक अभियान शुरू करने की घोषणा की। इस अभियान में कई रोमांचक चीजों के अलावा महाशगुन ऑफर भी शामिल किए हैं। प्रयागराज में पहली बार आने वाले उपयोगकर्ता अपने पहले लेनदेन पर 144 रुपए का फ्लैट कैशबैक पा सकते हैं। यह ऑफर केवल 26 फरवरी को मेले के आखिर तक वैध है और लेनदेन 1 रुपए से भी कम है।

अभियान के लिए उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए, कंपनी प्रासंगिक टच पॉइंट पर महाकुंभ-थीम वाले क्यूआर कोड, बैनर, पोस्टर और अन्य ब्रांडिंग तत्वों का मिश्रण इस्तेमाल कर रही है। इसके अलावा फोन-पे ने अपने स्मार्ट स्पीकर पर एक विशेष संदेश




लॉन्च किया है, जिसमें लोगों को "महाकुंभ की शुभकामनाएं, महा शगुन के साथ" की शुभकामनाएं दी गई हैं। इस अभियान का उद्देश्य महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और सहज बनाने में मदद करना है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्टॉल और स्टोर पर या शगुन के लिए भुगतान करने के लिए नकदी ले जाने के तनाव के बिना घूमने में उनकी मदद करना है। क्योंकि मेले में फोन-पे भुगतान का एक स्वीकार्य तरीका होगा।

इससे डिजिटल भुगतान को अपनाने में और तेज़ी आएगी, साथ ही करोड़ों भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, जो अभी तक डिजिटल भुगतान के दायरे में नहीं आया है। फोन-पे ने इस विशेष कैशबैक ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका का वर्णन किया है। उपयोगकर्ताओं को सबसे पहले आईओएस या एंड्रायड डिवाइस पर फोन-पे ऐप डाउनलोड करना होगा, बैंक खाता लिंक करना होगा और यूपीआई पिन सेट करना होगा। ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए, ऐप पर स्थान की अनुमति देनी होगी।

## रुपया बढ़त के साथ बंद




मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 86.36 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया सात पैसे की बढ़त के साथ ही 86.55 पर खुला। वहीं गत दिवस भारतीय रुपया 17 पैसे नीचे आकर 86.62 पर बंद हुआ। सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से पीछे हटने से रुपया र शुरुआती कारोबार में 17 पैसे की बढ़त के साथ 86.28 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.28 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त दिखाता रहाहै। शुरुआती कारोबार में स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 86.43 पर भी पहुंची। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.45 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.94 फीसदी की गिरावट के साथ 108.31 पर रहा।

## बजट 2025 : रेलवे पर रहेगा खास फोकस, जनता को मिल सकते हैं कई तोहफे



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश का आम बजट 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस दूसरे बजट से आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि इस बार बजट में रेलवे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और आम जनता के लिए भी कई घोषणाएं हो सकती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार के बजट में रेलवे को 2.93 लाख करोड़ से 3 लाख करोड़ रुपये तक का आवंटन किया जा सकता है। यह पिछले साल के मुकाबले 15-20 प्रतिशत अधिक होगा। इस राशि का उपयोग रेलवे के बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने में किया जाएगा। स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसके तहत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेशनों का नवीनीकरण किया जाएगा। देश भर में नई रेलवे लाइनें बिछाई जाएंगी, जिससे रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा और यात्रा समय कम होगा।

आधुनिक ट्रेनों की शुरुआत भी बजट की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे यात्रियों को आरामदायक और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक 68,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विस्तार करना और 400 वंदे भारत ट्रेनों को चलाना है, और बजट में मिलने वाले फंड का उपयोग इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने में किया जाएगा।

देश में वर्तमान में रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें सबसे प्रमुख है देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना, जिस पर तेजी से काम हो रहा है और इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए जाने की संभावना है। ट्रेनों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए 'कवच' नामक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को लगाने का कार्य भी प्रगति पर है, जिसके लिए बजट से अतिरिक्त राशि आवंटित की जा सकती है। शहरों में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई शहरों में मेट्रो रेलवे लाइनों के विस्तार का कार्य भी जारी है और इस विस्तार को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान किए जाने की उम्मीद है।इसके अतिरिक्त, सरकार वंदे भारत ट्रेनों को बढ़ावा दे रही है और इस साल के बजट में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों और 100 अमृत भारत ट्रेनों को शुरू करने की घोषणा की जा सकती है। इन सभी ट्रेनों के संचालन और रख-रखाव के लिए भी बजट से आवश्यक धनराशि आवंटित की जाएगी। इन सभी परियोजनाओं का उद्देश्य भारतीय रेलवे को आधुनिक, सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाना है। इस प्रकार, बजट 2025 में रेलवे पर विशेष ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और रेलवे का बुनियादी ढांचा और मजबूत होगा।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी रही। कारोबार के दौरान मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज



(एमसीएक्स) पर 10 ग्राम सोने के वायदा भाव 0.34 फीसदी ऊपर आकर 79,497 रुपए पर पहुंच गया। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 92,450 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। इस प्रकार इसमें 0.39 फीसदी की बढ़त रही है। वहीं गत दिवस घरेलू बाजार में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 108 रुपए बढ़कर 79,453 रुपए पर पहुंच गया था जबकि एक किलो चांदी की कीमत 333 रुपए बढ़कर होकर 90,533 रुपए प्रति किलो थी। गत वर्ष सोना 20.22 फीसदी बढ़ा जबकि चांदी की कीमत में 17.19 फीसदी की तेजी रही। वहीं इस साल की शुरुआत में सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर जबकि एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

## पूर्वोत्तर में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 1,854 करोड़ रुपये के पार, असम 1009 करोड़ की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर

गुवाहाटी (आरएनएस)। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों ने प्रत्यक्ष बिक्री में लम्बी छलांग भरते हुए करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर वर्ष 2022-23 में 1854 करोड़ रूपये से अधिक का कारोबार किया जो न केवल गत वर्षावधि से 255 करोड़ रूपये अधिक है बल्कि ठोस भावी दिशा को भी परिलक्षित करता है। देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की अग्रणी संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने आज यहां आयोजित द्वितीय पूर्वोत्तर प्रत्यक्ष बिक्री सम्मेलन और प्रदर्शनी कार्यक्रम में इसका खुलासा किया। आईडीएसए ने बताया कि 21,282 रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री बाजार में पूर्वोत्तर क्षेत्र की लगभग 8.7% की हिस्सेदारी है और यह 4.2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष विक्रेताओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करता है।

# एआई का इस्तेमाल करेगा सेबी, 2 साल में 1,000 आईपीओ होंगे प्रोसेस




मुंबई ,(आरएनएस)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) अब कंपनियों द्वारा दायर किए जाने वाले इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) आवेदनों को प्रोसेस करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगा। सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि आईपीओ के आवेदनों की समीक्षा के लिए नियामक एआई को अपना रहा है। इससे अगले दो साल में 1,000 के करीब आईपीओ प्रोसेस होने की संभावना है। एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) के वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए बुच ने कहा कि सेबी कंपनियों और उनके मर्चेंट बैंकरों के लिए फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक स्टैंडर्ड आईपीओ टेम्पलेट पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नया टेम्प्लेट रिक्त स्थान भरें फॉर्मेट में होगा। कोई भी जानकारी जो स्टैंडर्ड फॉर्मेट में फिट नहीं होगी, उसकी बारीकी से समीक्षा के लिए अलग से चिह्नित किया जाएगा। इस सिस्टम का उद्देश्य आईपीओ दस्तावेजों को दो भागों में विभाजित करना है, जिसमें स्टैंडर्ड और विशेष जानकारी शामिल होगी। सेबी को उम्मीद है कि इससे उसके अधिकारियों के लिए अनियमितताओं की पहचान करना और उनका समाधान करना आसान हो जाएगा। इस पहल से कंपनियों और विनियामकों दोनों के लिए समय की बचत होने की उम्मीद है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम कैसे

भारत के शीर्ष तीन शहरों में बेंगलूरु को महिलाओं के लिए सामाजिक व औद्योगिक समावेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाला माना गया है। तमिलनाडु के आठ शहरों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित, समावेशी शहरों में दूसरे नंबर में राज्य की राजधानी चेन्नई है। जो बीते साल के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर थी। लिंग समावेशी क्षेत्र के तौर पर 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत के हैं। यह सर्वेक्षण महिलाओं के कामकाज, उनकी रहने की जगहों, आगे बढने् के तरीकों के आधार पर किया गया।

कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर भी इस सूची में शामिल हैं। देश में महिलाओं के लिए शीर्ष शहरों के सूचकांक, आदर्श शहरों व सवरेत्तम चलन की पहचान करता है। महिलाओं की प्रगति और उन्हें आग बढने् के मार्ग प्रशस्त करने में शहरों के मूल सिद्धांतों व सांस्कृतिक ताने-बाने की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। मुख्मंत्री एमके स्टालिन का दावा है कि भारत की औद्यौगिक महिला कार्यबल का चालीस प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु से आता है।

देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम कसने में बुरी तरह असफल सरकारों के लिए इस तरह के अध्ययन फौरी तौर पर राहत दे सकते हैं। मगर हकीकत यही है कि देश भर में प्रतिवर्ष तकरीबन चार लाख से अधिक मामले महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के दर्ज होते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार हर पंद्रहवें मिनट में बलात्कार की घटना दर्ज होती है, जिसमें राजस्थान शीर्ष पर है, उप्र-मप्र क्रमश‑ दूसरे-तीसरे स्थान पर हैं। कामकाजी महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर होने वाले शोषण के खिलाफ कानून लागू होने के बावजूद सुरक्षित वातावरण मिलना बेहद दुष्कर है। हालांकि उक्त सर्वेक्षण में अध्ययन के लिए चुने गए शहरों के परिवेश व सांस्कृतिक महत्त्व को भी देखा जाना जरूरी है। क्योंकि दक्षिण के राज्यों में उत्तर की बनिस्पत शिक्षा अधिक है और लैंगिक विषमता भी कम है।

असल सवाल यह होना चाहिए कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरों के तौर-तरीकों को अन्य राज्य सरकारें भी अपनाने का प्रयास करें। इससे महिला कार्य-बल की क्षमता भी बढ़ सकती है, वे उत्कृष्टतापूर्ण नतीजे देने में सफल होंगी, जो राष्ट्र की उन्नति व समृद्धि में महती भूमिका निभा सकता है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार पूनम शर्मा के समर्थन में रोड शो में भाग लिया।

# अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप-पहले भाषण में ही फ़ैसलों की झड़ी- दुनियाँ की नींद उड़ी

### ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान-प्रथम भाषण में घोषित किया प्लान

**किशन सनमुखदास भावनांनी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के करीब करीब हर देश में 20 जनवरी 2025 को अमेरिका क़े स्थानीय समय अनुसार दोपहर 12 बजे वह विभिन्न देशों के स्थानीय समय के साथ-साथ भारत के स्थानीय समय रात्रि 10:30 को, हर हितधारक या रुचिधारक व्यक्ति की नजरें एकटक संचार माध्यमों जैसे टीवी मोबाइल रेडियो आदि पर लगी हुई थी,जहां डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण कर रहे थे। मैं स्वयं भी अपने मोबाइल पर देर रात्रि करीब 3 बजे तक डिबेट, समाचार, विचार सुनता रहा फिर आर्टिकल तैयार किया हूं। मैं मोबाइल पर भारत सहित विश्व की अनेकों टीवी चैनलों पर रिसर्च कर देखा तो मुझे करोड़ों लोग लाइव देखते हुए मिले किसी चैनल में हजारों तो किसी चैनल में लाखों लोग लाइव देखते हुए मिले एक अमेरिकी चैनल में 4.5 के यूजर्स का आंकड़ा भी मुझे दिखा। सबसे पहले उपराष्ट्रपति क़े लिए जे डी वैन्स ने शपथ ग्रहण किया उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली,फिर उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में फैसलों की लगा दी झड़ी,दुनियाँ की नींद उड़ी, क्योंकि करीब करीब 13 से अधिक कड़े फैसले तुरंत ही लिए गए (1) अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करेगी सरकार (2) मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी रखा जाएगा (3) मेक्सिको बॉर्डरपर इमरजेंसी का प्लान (4) ड्रग्स तस्करों को आतंकवादी घोषित किया (5) घुसपैठियों को रोकने के लिए सेना की मदद (6)अमेरिका में अब से थर्ड जेंडर नहीं रहेगा (7) अमेरिका में सबको बोलने की आजादी, इशारा अश्वेतों की तरफ (8) ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान (9) दूसरे देशों पर टैक्स व टैरिफ बढ़ाएंगे (10) अमेरिका में सैनिकों के अधिकार बढ़ाएंगे (11) 20 जनवरी 2025 अमेरिका में नई आजादी का दिन (12) दूसरे देशों की जंग में अमेरिका की सेना नहीं जाएगी (13) पनामा नहर से चीन का अवैध कब्जा हटेगा। बता दें इन फैसलों में भारत को सिर्फ नई आवर्जन नीति से फर्क पड़ सकता है, क्योंकि चैनल पर डिबेट में बताया गया की 2022 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी 6 पर्सेंट यानें 27 लाख है, जिसमें 7.25 लाख अवैध भारतीय हैं जिनमें 1100 लोगों को पिछले



वर्ष सख्ती से वापस भेज दिया गया था। ट्रंप से 62 गुना अमीर एलन मस्क का जलवा भी दिखा! एक जमाना था ट्विटर ने ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था,जो आगे चलकर एलन मस्क ने खरीदा व ट्विटर से नाम बदलकर एक्स रख दिया। एक अनोखी बात यह हुई कि ट्रंप अपने पहले ही भाषण में जो बाईडेन के बीते 4 वर्षों की आलोचना तक कर दी। चूँकि ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान प्रथम भाषण में घोषित किए गए प्लान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फसलों की झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी। साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति की शपथ के बाद तुरंत संबोधन की करें तो, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा।मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हमारी प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने की होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधारण होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा करेंगे और अपने पहले कार्यकाल में लागू की गई कई नीतियों को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पकड़ो और छोड़ो की प्रथा को समाप्त करेंगे और मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान कहा, मैं इस विश्वास और आशा के साथ राष्ट्रपति पद पर वापस आ रहा हूं कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरुआत में हैं। देश में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान ने कई वर्षों से देश पर कहर बरपाया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना को तबाह करने वाले तूफान के विनाशकारी नतीजों की ओर इशारा किया। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी सीमा पर स्थिति नियंत्रण से बाहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आज से यह सब बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी हालिया जीत अमेरिकी लोगों के साथ किए गए भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने का जनादेश है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोगों को उनका विश्वास, धन, लोकतंत्र और स्वतंत्रता वापस दिला पाएंगे। उन्होंने कहा, इस क्षण से अमेरिका का पतन समाप्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें इतिहास के किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में ज्यादा परीक्षा और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र को फिर प्राप्त करने की यात्रा आसान नहीं रही है। ट्रंप ने पिछले साल पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई उस घटना का उदाहरण दिया जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मेरी जान किसी कारण से बचाई गई। मुझे भगवान ने अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए बचाया ।

# स्वामित्व योजना के तहत बनाए गए संपत्ति कार्ड द्वारा सह-स्वामित्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण

**सुशील कुमार लोहानी**

18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।

स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।

योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16त्न से बढ़कर 88त्न हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है।




मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं।किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। आपके संतान के करियर या शिक्षा से संबंधी बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से बच जायेंगे। आज अपने काम को समय से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं। आज जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

मकर राशि : आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए समय अच्छा है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए किसी एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। आज आपको किसी और के मामलों से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सके।

आज आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

# जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा पेंगुइन

**योगेश कुमार गोयल**

पेंगुइन ऐसा खूबसूरत पक्षी है जो पंखों के बावजूद उड़ नहीं पाता लेकिन पानी में बेहद तेज तैराक होता है। माना जाता है कि पेंगुइनों ने लाखों वर्ष पहले उडने् की क्षमता खो दी थी।

शक्तिशाली फ्लिपर्स और सुव्यवस्थित शरीर उन्हें बहुत अच्छा तैराक बनाते हैं। यह सबसे तेज तैरने और सबसे गहरा गोता लगाने वाली पक्षी प्रजाति है। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण तथा मानव गतिविधियों के कारण इस खूबसूरत पक्षी की कई प्रजातियां भी संकटग्रस्त हैं।

दुनिया भर में पेंगुइन की कुल 18 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो स्फेनिस्कीनाई उप-परिवार के अंतर्गत आती हैं। इनमें एडेली पेंगुइन', दक्षिणी रॉकहॉपर पेंगुइन' और मैकरोनी पेंगुइन' प्रमुख रूप से शामिल हैं। पेंगुइन की 18 प्रजातियों में से 11 प्रजातियां अब संकटग्रस्त अथवा विलुप्तप्राय: की श्रेणी में आती हैं। पेंगुइन की आबादी प्रति वर्ष खतरनाक दर से घट रही है, और दुनिया के अधिकांश लोग इस बात से इसीलिए अनजान हैं क्योंकि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पेंगुइन देखने को नहीं मिलते। पेंगुइन की 72 प्रतिशत प्रजातियों की आबादी घट रही है, और 5 प्रजातियां लुप्तप्राय मानी जाती हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बेहतर सुरक्षा और संरक्षण उपायों को लागू नहीं किया गया तो इन प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। आईयूसीएन ने पेंगुइन की अनेक प्रजातियों को संकटग्रस्त की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। यही कारण है कि पेंगुइन की सुरक्षा के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय संगठन प्रयासरत हैं, और 2000 से प्रति वर्ष 20 जनवरी को पेंगुइन जागरूकता दिवस' भी मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन के संरक्षण और उनके आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस पेंगुइन संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयास में पेंगुइन के आवासों की सुरक्षा पर जोर देता है।

जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फ की चादर पिघलने और समुद्री तापमान में वृद्धि होने के कारण पेंगुइन के प्रजनन स्थल और भोजन के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। विषाक्त प्लास्टिक, मछली पकडने्, तेल रिसाव, आवास विनाश और पर्यटन



जैसी तेजी से बढ़तीं मानवीय गतिविधियों के कारण भी पेंगुइन के आवासों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समुद्र में लेर्पड सील' और ऑर्का जैसे शिकारी भी पेंगुइन के लिए खतरा बनते हैं।

पेंगुइन अपने बच्चों को अंटार्कटिका की बर्फ पर पालते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वे खतरे में हैं। अमेरिका में सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटी' के जलवायु विज्ञान निदेशक शाय वुल्फ का कहना है कि पेंगुइन का अस्तित्व इस पर निर्भर करता है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सरकार क्या ठोस कदम उठाती है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इन पक्षियों के असफल प्रजनन का बड़ा कारण बन रहा है।

वेडेल सागर में हैलीबे कॉलोनी दुनिया में एम्परर पेंगुइन की दूसरी सबसे बड़ी कॉलोनी है। इस कॉलोनी ने कई वर्षो तक समुद्री बर्फ की खराब स्थिति का सामना किया है। ऐसे में 2016 में सभी नवजात चूजे डूब गए थे, जिससे इनकी कॉलोनी को बहुत नुकसान हुआ था। इसीलिए अमेरिकी सरकार चेतावनी दे चुकी है कि एम्परर पेंगुइन को अर्ज़ेट क्लाइमेट एक्शन' की सख्त जरूरत है।

हालांकि वाइल्ड लाइफ एजेंसी' का कहना है कि पिछले 40 वर्षो के उपग्रह डेटा और अन्य सबूतों की जांच से सामने आया है कि पेंगुइन पर फिलहाल विलुप्त होने का तो खतरा नहीं है, लेकिन यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं है। वाइल्ड लाइफ एजेंसी' द्वारा इस पक्षी को पर्यावरण समूह, सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटी द्वारा 2011 में लगाई गई एक याचिका की मदद लेकर ए डेंर्जड स्पीशीज एक्ट' के तहत रखा गया है।

बहरहाल, बढ़ते तापमान के कारण समुद्री बर्फ पिघल रही है, जिससे पेंगुइन की प्रजनन और भोजन खोजने की क्षमता प्रभावित हो रही है। समुद्रों में प्लास्टिक और अन्य प्रदूषण पेंगुइन के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। पेंगुइन अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझ कर निगल लेते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। अत्यधिक मछली पकडने के कारण पेंगुइन के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो रही है।

पर्यावरणविद् जलवायु परिवर्तन के कारण अंटार्कटिका में रहने वाले एम्परर और एडेली पेंगुइन को लेकर तो बेहद चिंतित हैं क्योंकि उनका मानना है कि दो डिग्री तापमान परिवर्तन के साथ इन्हें आवास की गंभी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। पेंगुइन न केवल पृथ्वी की जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि समुद्री खाद्य श्रृंखला का भी महत्त्वपूर्ण अंग हैं, जो समुद्री पारिस्थितिक तंत्र का स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करते हैं। काले और सफेद रंग के उडने् में असमर्थ पंख वाले खूबसूरत पेंगुइन पृथ्वी के सबसे प्यारे और अद्भुत जीवों में शुमार हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने जरूरी हैं ताकि आने वाली पीढियां भी इन अद्वितीय पक्षियों की सुंदरता और विशिष्टता का आनंद ले सकें।

# ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ अभियान से बेटियों के अधिकारों, सम्मान को नया आयाम मिला : अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ (बीबीबीपी) अभियान के 10 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि इस अभियान ने बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान को एक नया आयाम दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ की शुरुआत की थी। यह अभियान देश में घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) और महिला सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों को संबोधित करता है। शाह ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, मोदी जी के नेतृत्व में एक दशक पहले शुरू हुआ ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ’ अभियान आज एक जनांदोलन बन चुका है।



बीबीबीपी ने बीते 10 साल में बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान को नया आयाम दिया। उन्होंने कहा, आज विद्यालयों में बेटियों के नामांकन दर में बढ़ोतरी और लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश का मान बढ़ा रही हैं।

## भुवनेश्वर में कार से करीब 100 किग्रा गांजा बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

भुवनेश्वर (ए.)। भुवनेश्वर में पुलिस ने 101 किलोग्राम गांजा बरामद किया और मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मंगलवार रात को इंफो वैली पुलिस थाना क्षेत्र में खुर्दा-चंदक मार्ग पर एक कार को रोका जिसमें से 101 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उसने बताया कि गांजा तस्करी कर कंधमाल जिले से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि स्वापक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

## मणिपुर के मूल समुदाय को अवैध आव्रजन के प्रति ‘बहुत सतर्क’ रहने की है जरूरत : एन बिरेन सिंह

इंफाल (ए.)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि राज्य के मूल समुदाय को अवैध आव्रजन के प्रति ‘बहुत सतर्क’ रहने की जरूरत है। सिंह ने तामेंगलोंग जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए कह कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर समुदाय का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा, ‘‘असम और त्रिपुरा में अवैध प्रवासियों और रोहिंग्याओं के मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर हम उचित तरीके से जांच नहीं करेंगे तो हम असुरक्षित हो जाएंगे। हम मूल निवासियों को बहुत सावधान रहना चाहिए। हमारी परवाह करने वाला कोई नहीं है। सीमा पर कोई बाड़ नहीं है और न ही कोई सीमा सुरक्षा है। यहां तक कि अब भी इसकी (सीमा की) उचित देखभाल नहीं की जा रही है। सिंह ने कहा कि समुदायों के बीच विश्वास और सम्मान की कमी ने राज्य में अनिश्चितता पैदा कर दी है। उन्होंने कहा, ‘‘समान विकास और आपसी सम्मान के बिना हम साथ-साथ नहीं रह सकते। घाटी में उपलब्ध हर सुविधा पहाड़ी लोगों को भी मिलनी चाहिए। केवल समान विकास और आपसी सम्मान से ही मजबूत मणिपुर और अखंड भारत का निर्माण हो सकता है।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड 2025 से पहले राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता को प्रदर्शित करने वाली एक झांकी देखी गई।

# जिला प्रभारी मंत्री पद विवाद पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री करेंगे फैसला : अदिति तटकरे



मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र की मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता अदिति तटकरे ने कहा कि सत्तारूढ़ महायुति के शीर्ष नेता जिला प्रभारी मंत्री को लेकर चल रहे विवाद पर निर्णय लेंगे। रायगढ़ की जिला प्रभारी मंत्री के रूप में अदिति तटकरे और नासिक के लिए गिरीश महाजन की नियुक्ति को रोक दिया गया है क्योंकि इन पदों पर दावेदारी को लेकर विवाद सामने आया है। शिवसेना मंत्री भरत गोगावले द्वारा अदिति तटकरे की नियुक्ति का विरोध किए जाने से जुड़ी खबरों के बारे में पूछे जाने पर अदिति ने कहा, हम एकनाथ शिंदे पर भरोसा करते हैं और आशा करते हैं कि वे उचित निर्णय लेंगे। रायगढ़ से गोगावले ने बार-बार इस पद में अपनी रुचि जताई है। नासिक में भी स्थानीय शिवसेना नेता जिला प्रभारी मंत्री पद पर अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। महाराष्ट्र में, मंत्रियों को उनके विभिन्न विभागों के अलावा एक-एक जिला आवंटित किया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति ने कहा, अपनी इच्छा व्यक्त करना कोई समस्या नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि इसे किस तरह व्यक्त किया जाए। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार व एकनाथ शिंदे जो भी निर्णय लेंगे, वह हम सभी के लिए बाध्य होगा। गठबंधन में आपसी समझ होना जरूरी है। अदिति और उनके पिता एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राज्य प्रमुख सुनील तटकरे की रायगढ़ पर अपनी पकड़ बनाये रखने को लेकर आलोचना हो रही है। इस बारे में पूछे जाने पर अदिति ने कहा, ‘‘हम क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं।’’ उन्होंने कहा कि कोंकण के पांच जनप्रतिनिधियों को राज्य मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है जिससे पता चलता है कि सरकार तटवर्ती क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है।



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने तामेंगलोंग जिले में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में भाग लिया.

## केरल के माकपा नियंत्रित सहकारी बैंक ने बेनामी ऋण दिए, चंदा के रूप में पैसा वापस लिया : ईडी

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केरल स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) जिला समिति के सदस्यों के निर्देश पर बेनामी ऋण वितरित किये और बदले में पार्टी को ऐसे लाभार्थियों से चंदा मिला। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि उसने मामले में धन शोधन जांच के संबंध में 10.98 करोड़ रुपये की और संपत्ति कुर्क की है। माकपा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। केरल में सत्तारूढ़ पार्टी ने पूर्व में मामले में ईडी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वह कानूनी और राजनीतिक रूप से आरोपों का मुकाबला करेगी। ईडी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में केरल में भूमि और भवन सहित 24 अचल संपत्तियां और 50.53 लाख रुपये मूल्य की बैंक जमा राशि शामिल है। धन शोधन का यह मामला जुलाई, 2021 में केरल पुलिस की अपराध शाखा द्वारा त्रिशूर में दर्ज कम से कम 16 प्राथमिकियों पर आधारित है।

## मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में : नितिन गडकरी



पणजी (आरएनएस)। गोवा पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सार्वजनिक मंच से बताया कि उनकी असल रुचि किस चीज में है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने ये भी बताया कि जिस विषय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है उसके प्रति वो जुनूनी हैं। उन्होंने ये बातें गोवा में फैशन डिजाइनर रितू बेरी के फंक्शन में अपने संबोधन के दौरान कही। गडकरी ने कहा, जहां एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सुकून की तलाश के लिए लोग बड़ी संख्या में गोवा का रुख कर रहे हैं, लेकिन अब यहां पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसके बाद उन्होंने अपनी रुचि पर बात की। बोले, गोवा में बुनियादी ढांचे का विकास मेरे जिम्मे है, और मैं इस काम के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। हालांकि, मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में है। मुझे 11 डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है और उनमें से 6 उपाधियां कृषि और जल संरक्षण से संबंधित हैं। यह मेरे लिए एक जुनून है।गोवा की खूबसूरती और विकास की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे गोवा के इस विकास कार्य के बारे में सुनकर खुशी होती है, विशेषकर उन परियोजनाओं के बारे में जो हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़ी हुई हैं। गोवा पर्यटन के लिहाज से एक बेहद आकर्षक स्थान है, और इसकी खूबसूरत प्रकृति की वजह से यहां दुनियाभर के लोग आते हैं।फिर केंद्रीय मंत्री ने अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया। बोले, मैं वर्तमान में जोहरी ब्रिज पर एक दर्शक दीर्घा बना रहा हूं, जहां से आप गोवा के सुंदर दृश्य देख सकते हैं। इस परियोजना का उद्देश्य गोवा की खूबसूरती को और भी लोगों तक पहुंचाना है। हालांकि, गोवा में बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या से समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में भी देखा जा सकता है। फिर भी, गोवा की सुंदरता और यहां के प्राकृतिक संसाधन इसे एक आदर्श स्थान बनाते हैं।

# देश के कई हिस्सों में फिर लौटेगी ठंड, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी; 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड एक बार फिर दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी और बारिश: मौसम विभाग के अनुसार, 23 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में कई जगहों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 22 जनवरी को राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में बुधवार और गुरुवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि, इसके बाद 27 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार, हंसा और काजा में क्रमशः 2.5 सेमी और 0.8 सेमी बर्फबारी दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर में ठंड और कोहरा: दिल्ली-एनसीआर में 23 जनवरी के बाद ठंड बढ़ने का अनुमान है। 24 जनवरी को सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर कोहरा छाने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ स्थानों पर घना कोहरा भी छा सकता है। यहां अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। हरियाणा और पंजाब में तापमान सामान्य से अधिक: हरियाणा और पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था।

## पानी की बोतल से लेकर कार की चाबी तक रिपब्लिक डे परेड में चीजें रहेंगी वर्जित

नई दिल्ली , (आरएनएस)। 26 जनवरी को भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। कर्तव्य पथ पर भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन होगा। इस बार गणतंत्र दिवस की थीम स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास है। परेड सुबह 10:30 बजे शुरू होगी। यदि आप भी इस परेड को देखने की योजना बना रहे हैं, तो दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार, कुछ वस्तुओं को साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।



**परेड में क्या नहीं ले जा सकते**

दिल्ली पुलिस ने गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। इन प्रतिबंधित वस्तुओं में किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थ, थैला, ब्रीफकेस और बड़े बैग जैसे सभी प्रकार के बैग और थैले शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेपरिकॉर्डर, पेजर, कैमरा, दूरबीन, हैंडीकैम, डिजिटल डायरीज, पाम-टॉप कंप्यूटर, आईपैड, आईपॉड, टैबलेट, पैनड्राइव, लेजर लाइट्स, पावर बैंक, मोबाइल चार्जर और ईयरफोन आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। पानी की बोतलें, थर्मस, कैन, छाता, इत्र, स्प्रे और शराब जैसे तरल पदार्थों को भी प्रतिबंधित किया गया है।खिलौने, विशेषकर खिलौना पिस्तौल, और ज्वलनशील पदार्थ जैसे माचिस और पटाखे भी परेड स्थल पर नहीं ले जा सकते। किसी भी प्रकार के हथियार, नुकीली वस्तुएं जैसे तलवार, पेंचकस, चाकू, कैंची, रेजर, ब्लेड और तार, साथ ही गोला बारूद भी प्रतिबंधित हैं। सिगरेट, बीड़ी, लाइटर और रिमोट नियंत्रित कार लॉक चाबियां जैसी अन्य वस्तुओं को भी परेड के दौरान साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।

**मुख्य अतिथि**

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो होंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## अखिलेश ने महाकुंभ में कैबिनेट बैठक को लेकर आलोचना की, इसे सियासी कदम करार दिया

लखनऊ (ए.) । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कुंभ मेला क्षेत्र में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित करने के लिए प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना की और इसे संदेश देने के लिए उठाया गया एक राजनीतिक कदम बताया। उनकी यह प्रतिक्रिया मेला परिसर में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रियों द्वारा त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के तुरंत बाद आई। जनेश्वर मिश्र पार्क में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, ‘‘कुंभ और प्रयागराज राजनीति या राजनीतिक कार्यक्रमों की जगह नहीं है। वहां आयोजित पूरी कैबिनेट बैठक राजनीतिक है जिसका उद्देश्य राजनीतिक संदेश देना है। यादव ने संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बारे में पूछे गए सवाल का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, ‘‘समाजवादी पार्टी के सदस्यों को अपनी माताओं और गंगा में गहरी आस्था है। हममें से कई लोग बिना किसी प्रचार या सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा किए पहले ही डुबकी लगा चुके हैं।’’ कार्यक्रम के दौरान यादव ने जनेश्वर मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें ‘सादगी का प्रतीक व्यक्ति’ तथा समाजवादी आंदोलन के एक दिग्गज नेता के रूप में वर्णित किया।

## बॉम्बे हाईकोर्ट की चेतावनी, ईडी नागरिकों को परेशान करना बंद कर दे, हद में रहे

नई दिल्ली (आरएनएस)। बंबई उच्च न्यायालय ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ ‘बिना सोचे समझे’ धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए श्वष्ठ यानी प्रवर्तन निदेशालय पर मंगलवार को एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए। ईडी पर जुर्माना लगाते हुए जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक ‘कड़ा संदेश’ जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जा ए। उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, ‘अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें।

# विविध-समाचार

## फलों से लदा ट्रक खाई में गिरने से 8 लोगों की दर्दनाक मौत, 10 गंभीर रूप से घायल

येल्लापु (आरएनएस)। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सावनूर से कुमटा बाजार जा रहा सब्जियों और फलों से लदा एक ट्रक येल्लापुर के पास अरेबैल और गुल्लापुरा के बीच खाई में गिर गया, जिससे 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ जब ट्रक चालक ने किसी अन्य वाहन को रास्ता देने के प्रयास में अपना नियंत्रण खो दिया। परिणामस्वरूप, ट्रक सड़क के बाईं ओर चला गया और लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक में 30 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें ज्यादातर सब्जी विक्रेता थे जो अपनी उपज बेचने के लिए बाजार जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहाँ कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। करवार के पुलिस अधीक्षक नारायण एम के अनुसार, मृतकों की संख्या पहले 8 बताई जा रही है। अधिकारी हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं, जिसमें ट्रक की स्थिति और सड़क के बुनियादी ढांचे का भी निरीक्षण शामिल है। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## सिद्धू मूसेवाला की तरह गैंगस्टर गटारू की हुई हत्या, बदमाशों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

जम्मू (आरएनएस)। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह जम्मू में भी बदमाशों ने एक थार में बैठे गैंगस्टर गटारू पर गोलियां बरसाई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तीन हमलावरों ने लाल रंग की थार गाड़ी में सवार गैंगस्टर सुमित जंडियाल उर्फ गटारू को नजदीक से चार गोलियां मारीं। तीन गोलियां गटारू को लगीं। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर एक स्कूटी सवार को धक्का माकर उसकी स्कूटी छीनकर फरार हो गए। गटारू हत्याकांड को प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की तरह ही अंजाम दिया गया है। वारदात के समय गटारू अकेले ही थार में सवार था। उसके पास भी पिस्तौल थी, लेकिन उसे वह निकाल नहीं पाया। वहीं, इस हत्याकांड के दो घंटे के भीतर ही इंटरनेट मीडिया के इंस्टाग्राम पर खौफ गैंग ने पोस्ट कर इस वारदात की जिम्मेदारी भी ले ली। पोस्ट में खौफ गैंग के दो लोगों अनिल राजा और बंटी राजा द्वारा इस हत्याकांड को अंजाम दिए जाने का दावा किया और कहा कि हमने अपने भाई शुन्नू की मौत का बदला ले लिया है। शुन्नू खौफ गैंग का सदस्य था, उसकी मौत पिछले साल कठुआ जिला में पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में हुई थी। खौफ गैंग को अंदेशा था कि पुलिस को शुन्नू के बारे में गटारू ने ही सूचना दी थी।

## अनिल देशमुख ने सीएम फडणवीस को लिखा पत्र, लाडली बहनों को 2100 रुपये देने का किया आग्रह

मुंबई ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री और एनसीपी के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने महायुति सरकार से लाडली बहनों को 2100 रुपये देने का आग्रह किया है।अनिल देशमुख ने पत्र में लिखा है राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति ने बहनों को 2100 रुपये देने का वादा किया था, चुनाव को दो महीने बीत चुके हैं, ऐसे में अब सरकार अपनी प्यारी बहनों को भूल गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके पारिश्रमिक में वृद्धि के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। महायुति सरकार को हमारी बहनों से किए गए वादे तुरंत पूरे करने चाहिए। जानकारी मिली है कि सरकार जांच के नाम पर बड़ी संख्या में बहनों के आवेदन खारिज करने वाली है। अगर ऐसा हुआ तो हम राज्य में बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र सरकार द्वारा जुलाई 2024 में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना शुरू की गई थी। बहनों को जुलाई से दिसंबर तक 6 माह की राशि दी गई है। प्रदेश की लाड़ली बहनों को अब तक छह किश्तों में 9 हजार रुपये मिल चुके हैं। इस योजना की वजह से राज्य सरकार को विधानसभा चुनाव में सफलता मिली थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने लाडली बहन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता देने का वादा किया था।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी नेता जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

# श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरों को किया रिहा, स्वदेश लौटे

चेन्नई, (आरएनएस)। श्रीलंका ने 41 भारतीय मछुआरे को किया रिहा कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि तमिलनाडु के 41 मछुआरे चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने इन मछुआरों को 8 सितंबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा रिहा किए जाने के बाद मछुआरे मंगलवार देर रात चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे। तमिलनाडु तटीय पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 41 मछुआरों में से 35 रामनाथपुरम के निवासी हैं, जबकि अन्य नागपट्टिनम और पुदुकोट्टई जिलों के रहने वाले हैं। स्वदेश लौटने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से



गुजरना पड़ा।तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मछुआरों का स्वागत किया और अलग-अलग वाहनों में उनके गृहनगरों तक परिवहन की व्यवस्था की। इससे पहले श्रीलंका ने तमिलनाडु के 15 मछुआरों के एक समूह को रिहा किया था, जो 16 जनवरी को चेन्नई पहुंचे थे।भारतीय मछुआरों की बार-बार गिरफ्तारी एक बड़ा मुद्दा बन गया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके के साथ चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी केंद्र सरकार से लगातार गिरफ्तारियों पर रोक लगाने और राज्य के मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। तमिलनाडु के मछुआरा संघों ने तटीय जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए और निर्णायक कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर उनसे बीच समुद्र में होने वाली गिरफ्तारियों और मछली पकड़ने वाली मशीनीकृत नावों की जब्ती पर रोक लगाने का आग्रह किया था, जो उनकी आजीविका के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# कलेक्ट्रेट में ग्राम फूडरा के ग्रामीणों ने लगाया विस्थापितों के सर्वे से नाम काटने का आरोप



सीहोर( निप्र) । जावर तहसील क्षेत्र में दूधी नदी पर कान्याखेड़ी जलाशय का निर्माण किया गया है। जलाशाय में ग्राम फुडरा के ग्रामीणों की भूमि और मकान भी डूब क्षेत्र में आ गए है। कलेक्ट्रेट पहुंचकर डूब में आ रहे फूडरा के ग्रामीणों ने विस्थावितों के सर्वे से नाम काटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा डिप्टी कलेक्टर आनंद राजावत को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन भी दिया गया है। ग्राम फुडरा के मकानों का पूर्व में विस्थापन के लिए सर्वे किया गया था जिस में 40 मकानों को शामिल किया गया था। लेकिन विस्थापन और मुआवजा सूची में क्षेत्र के लगभग 15 ग्रामीणों के नाम ही नही है। अनेक मकान ऐसे भी है जिन में आने जाने का रास्ता ही जलाशाय के डूब क्षेत्र में आ गया है जिस कारण ग्रामीणों के लिए यह मकान भी बेकार हीं हो गए है। कृषि भूमि का मुआवजा भी काफी कम दिया गया है। जबकी मकानों में खेती किसानों के लिए उपयोगी उपकरणों के रखने, पशुओं को पालने, चारा रखने और रहने के लिए पयाज़्स जगह उपलब्ध है। इस के बावजूद सवेज़् से इन मकानों को बाहर कर दिया गया है इस कारण ग्रामीणों में भविष्य को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों की कृषि भूमि भी डूब में चली गई है। अब ग्रामीणों के पास अन्य कोई भूमि भी नहीं है जिस से वह रहने के लिए मकान बना सके। इधर केशवपुर के ग्रामीणों के सभी मकानों को सूची में मुआवजा और विस्थापन योजना के लिए चिंहित किया गया है।

ग्राम फुडरा के पीड़ित किसान ज्ञान सिंह,विजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, कोकसिंह, भादर सिंह, प्रेम नारायण, कमल सिंह, राजेंद्र सिंह, सौभाल सिंह,कृपाल सिंह मानू बाई,ओम प्रकाश,राजेंद्र सिंह, शाकिर खां,शोकिन खां, संतोष सिंह, गोविंद आदि ने मुआवजा राशि और विस्थापन भूमि आवंटन योजना में शामिल कराने की मांग कलेक्टर से की है।

## शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

सीहोर( निप्र) । भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात: 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रात: 11 बजे कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुन: क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), के अनुसार सभी व्यक्ति खडे हो जाएं और मौन धारण करें। सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में शहीद दिवस को पूरी गंम्भीरता के साथ मनाया जाये।

## सीधे गांव पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने मृतकों के परिजनों और घायलों के बैंक एकाउंट में डलवाई आर्थिक मदद की राशि

सीहोर (निप्र)। संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक सुदेश राय द्वारा मंगलवार को ग्राम गोपालपुर पहुंचकर पीलूखेड़ी हादसे में मृत दो श्रद्धालु महिलाओं के परिजनों और घायलों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा स्वीकृत आर्थिक मदद की राशि सीधे बैंक एकाउंट में प्रदान कराए गई, तो वही विधायक सुदेश राय ने सुल्तानपुरा में करंट लगने से मृत हुए ग्रामीण के घर पहुंचकर सात्वना देकर परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने की बात भी कहीं। विधायक सुदेश राय ने कहा की मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के सुखदुख में हमेशा सहभागिता निभाती है। उन्होने कहा की प्रदेश के अति गंभीर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बीते दिनों पीलूखेड़ी हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद स्वीकृत कर दी थी। बीते दिनों कुरावर-श्यामपुर मार्ग पर ग्राम पीलूखेडी लाल बंगला के पास हाइवे पर हुए हादसें में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर तहसील श्यामुपर निवासी कृष्णा बाई पति लक्ष्मणसिंह ठाकुर और सुकमा बाई पति रामदयाल मेवाडा की मृत्यु हो गई थी इसी प्रकार संगीता मेवाडा पति रामनारायण मेवाडा, कलावती पति हुकुम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए गई थी और शारदा मेवाडा पति राधेश्याम मेवाडा, फुलकुंवर पति रमेश घायल हो गए थे।

# सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा, राम कथा में मनाया राम जन्मोत्सव

**जिन घरों में देवताओं की कथा का गुणगान होता है, उन परिवारों में हमेशा सुख शांति बरसती है : पं. बाबू दास वैष्णव**





सीहोर (निप्र) । मंडी क्षेत्र में स्थित राम मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन राम भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। बुधवार को राम कथा में कथा वाचक बाबू दास वैष्णव ने कहा कि तीन कल्प में तीन विष्णु का अवतार हुआ है और चौथे कल्प में साक्षात भगवान श्री राम माता कौशल्या के गर्भ से अवतरित हुए है। श्रीराम जन्म प्रसंग से पूर्व स्वामी ने सती प्रसंग की विस्तार से व्याख्या की। कथा वाचन श्री वैष्णव ने कहा कि भगवान राम की कथा हमारे समाज को अनुशासन और प्रेम का संदेश देती है। जिन घरों में भगवान राम और श्री कृष्ण तथा अन्य देवताओं की कथा का गुणगान होता है, उन परिवारों में हमेशा सुख शांति बरसती है। राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न जैसे भाइयों से हमें गुण सीखने चाहिये। इस दौरान रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालु राम जन्म की खुशी में अपने-अपने घर से वस्त्र, मिष्ठान लेकर पहुंचे। साथ ही सभी भक्त श्री राम के गानों में जमकर थिरके। संगीतमय श्रीराम कथा सुनने के लिए कथा पंडाल में बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड नजर आ रही है। जहां पर श्री राम कथा के अमृत वर्षा में श्रद्धालु गोता लगा रहे है। भगवान राम के जन्मोत्सव कथा के समापन पर बाल स्वरूप राम लला की आरती उतारकर प्रसाद का वितरण किया गया।

# हजरत दुल्हाबादशाह बाबा दरगाह परिसर में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित



सीहोर (निप्र) । हजरत दुल्हाबादशाह बाबा दरगाह परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ, ऑल इंडिया मुस्लिम तैयार कमेटी और राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम महासंघ प्रदेशाध्यक्ष नोशाद खान के द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा की मजार पर चादर चड़ाकर उज्जैन से पहुंचे अतिथि इम्तियाज अंसारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलाउददीन सैफी की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष नौशाद के द्वारा भोपाल के तनवीर कुरैशी को प्रदेश महामंत्री और श्रीमति शमा कुरैशी को महिला प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। मानव अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निहोरे की अनुशंसा पर समाजसेवी इम्तियाज अंसारी को उज्जैन जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। ऑल इंडिया मुस्लिम तैयार कमेटी के सरंक्षक शमशुल हसन बल्ली की सहमति से नोशाद खान को महामंत्री एवं रिजवान पठान को सीहोर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया।



सीहोर( निप्र) । आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुष औषधालय ग्राम पाटन में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 205 रोगियों का आयुष पद्धति से उपचार कर औषधियां प्रदान दी गईं। इसके साथ ही कार्यशाला आयोजित कर अश्वगंधा के 200 पौधों का निशुल्क वितरण किया गया तथा रोगियों एवं नागरिकों को अश्वगंधा लाभ के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

# अमानक कीटनाशकों एवं उर्वरकों का क्रय- विक्रय प्रतिबंधित

सीहोर (निप्र) । किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा अमानक उर्वरकों के क्रय विक्रय तथा स्थानांतरण पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केके पांडे ने जानकारी दी कि सीहोर विकासखंड के जमोनिया रोड़ स्थित उर्वरक विक्रय केन्द्र मेसर्स अमित कृषि सेवा केंद्र द्वारा टीएसपी अमानक उर्वरक तथा आष्टा विकासखंड के अलीपुर मेन रोड़ स्थित मेसर्स यशराज ट्रेडर्स द्वारा एनपीके अमानक उर्वरकों का व्यवसाय करने पर उनकी उर्वरक अनुज्ञप्ति को निलंबित कर दिया है।

इसके साथ ही सीहोर विकासखंड के ढ़ाबला स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित के डीएपी, बुधनी विकासखंड के मरदानपुर स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित के टीएसपी तथा इछावर विकासखंड के अमलाहा स्थित प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्यादित के एसएसपी उर्वरकों के नमूने विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे, जो विश्लेषण में अमानक पाए गए। इन अमानक घोषित सभी उर्वरकों के उपलब्ध स्कंध के क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है।

# मोतनबाई अ.जा.के पैर काटकर चाँदी के कड़े लूटने वाले हत्यारों को दिग्विजय सिंह ने फास्ट ट्रेक कोर्ट में मुख्यमंत्री से की फांसी दिये जाने की मांग



सीहोर( निप्र)। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा संसद सदस्य राज्यसभा को विगत् दिवस ज्ञापन सौंपकर मोतनबाई अ.जा.के पेर काटकर चाँदी के कड़े लूटने वाले हत्यारों को फास्ट ट्रेक कोर्ट में फांसी दिलाये जाने की मांग की थी। दिग्विजय सिंह द्वारा ज्ञापन को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पत्र लिखकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से फास्ट ट्रेक कोर्ट में हत्यारों को फांसी दिलाये जाने का अनुरोध किया है। श्री खंगराले ने बताया कि ग्राम गुराडिया़ रूपचंद तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र.की अ.जा.महिला श्रीमती मोतन बाई जांगड़ा पति हमीर सिंह जांगड़ा 75 वर्ष की दिनांक 8 नवम्बर 2024 को ग्राम के हत्यारे सादिक उर्फ अंजुम पिता सरीफ, विजय मेवाड़ा पिता पृथ्वी सिंह मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा पिता प्रहलाद सिंह मेवाड़ा सहयोगी साथी मीरपुरा अलीपुर निवासी जितेन्द्र सिंघन पिता मुकेश सिंघन चारों ने मृतका का गला दबाकर उनकी निर्मम हत्या करते हुए दोनों पेर कुल्हाड़ी से काटकर चाँदी के कड़े लेकर फरार हो गये थे, जिसे पुलिस महानिरीक्षक भोपाल जॉन देहात, सीहोर जिले पुलिस कप्तान दीपक शुक्ला, एसडीओपी आष्टा, आकाश अमलकर, सीएसपी निरंजन राजपूत, पूजा शर्मा, टीआई रविन्द्र यादव, थाना प्रभारी आष्टा आदि के सफल प्रयासों हत्यारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रशासन बधाई का पात्र है। जिसे लेकर कांग्रेसजनों ने हत्यारों को फास्ट ट्रेक अदालत में प्रकरण चलाये जाकर फांसी की सजा दी जाये तथा मृतक परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता के साथ परिवार के सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान किये जाने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के नाम ज्ञापन जिले के कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर सुधीर कुशवाह को सौंपा गया था। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. अनीस खान प्रदेश महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सीताराम भारती वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कुतुबुद्दीन शेख प्रदेश महामंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस, प्रीतम दयाल चौरसिया प्रदेश महामंत्री म.प्र.पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, श्रीमती आरती नरेन्द्र खंगराले तत्कालीन पार्षद एवं प्रदेश सचिव म.प्र.महिला कांग्रेस, पंकज शर्मा, पन्नालाल खंगराले, दीपक सोनकर, मुमताज खान, मेहमूद खान, धन्नालाल परचौले, बी.एस.पैठारी, कमल अहिरवार, हेमराज सूर्यवंशी, बद्री दशवंत, घनश्याम जाटव, भगवत सिलावट, राधेश्याम रघुवंशी आदि कांग्रेसजन शामिल हैं।

## ग्राम कुलांस कलां में हो रहे जातिगत भेदभाव की सूचना मिलने पर पहुंचे कांग्रेस नेता

सीहोर( निप्र)। सीहोर जिले के इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुलांस कलां में अनुसूचित जाति के एक मासूम स्कूली बच्चे के साथ जातिगत आधार पर भेदभाव किए जाने का मामला सामने आया है । मामले की जानकारी लगते ही कांग्रेस नेता पंकज शर्मा तत्काल ग्राम कुलांस कलां पहुंचे और ग्रामवासियों से मामले की पूरी जानकारी ली । इस दौरान बहुत ही हैरान कर देने वाला तथ्य सामने आया । मामले के अनुसार ग्राम कुलांस कलां में मंगलवार 21 जनवरी को एक तेरहवीं का कार्यक्रम था जिसमें ग्राम का अनुसूचित जाति वर्ग का एक नाबालिग स्कूली बच्चा भूलवश तथाकथित बड़े समाज के लोगों के लिए बनी पंक्ति में जाकर बैठ गया था जिसे इस तथाकथित ऊंचे समाज के एक व्यक्ति ने ना केवल उसे जातिगत गालियां दी बल्कि उसे बेरहमी से मारकर वहां से भगा दिया, जिसके बाद वह बच्चा रोते हुए अपने घर पहुंचा और घरवालों को पूरी बात बताई लेकिन दबंगों के आतंक के कारण उन्होंने पुलिस या कानून की सहायता ना लेते हुए चुप रहना ही बेहतर समझा और मामले में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की । कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने बताया कि उन्हें गांव के ही कुछ अन्य लोगों के माध्यम से घटना की जानकारी लगी और वे तत्काल मौके पर पहुंचे जहां पड़ताल करने पर मामला सही पाया गया । पंकज शर्मा ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात का है इतना सब होने के बाद भी और पंकज शर्मा के आग्रह करने के बाद भी पीडि़त मासूम के घरवाले दबंगों के आतंक के कारण उनके खिलाफ कोई भी कार्यवाही करने को तैयार नहीं हुए ।

## कु.योगिता परमार आरटीओ अधिकारी के पद पर चयनित होने पर किया पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत

सीहोर( निप्र)। म.प्र.लोकसेवा आयोग 2022 की परीक्षा के प्रथम प्रयास में ब्रह्मपुरी कॉलोनी सीहोर तथा ग्राम पोचानेर निवासी पिछड़ा वर्ग परमार समाज से कु.योगिता परमार के जिला आरटीओ अधिकारी के पद पर चयनित होने पर मीठाई खिलाकर एवं पुष्प मालाऐं पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेट कर भव्य स्वागत किया। साथ ही पिता नारायण सिंह परमार, माता श्रीमती उमा परमार का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर अ.जा.ज.पि.अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले पुर्व पार्षद द्वारा स्वागत किया। समाजसेवी डॉ. अनीस खान नवोदित कला मंच के अध्यक्ष ने बताया कि हमारे नगर सीहोर की कु. योगिता परमार ने असीम उपलब्धि प्राप्त की है। जिसकी जितनी सराहना की जावे वह कम है। परिषद बिटिया के निरंतर भविष्य में आगे बढने् की मंगल कामना करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ.अनीस खान, के.जी.बैरागी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन परमार, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर डी.एस.शाक्य, पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले, पूर्व पार्षद रंजीत वर्मा, पूर्व पार्षद एवं म.प्र.महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव आरती-नरेन्द्र खंगराले, विजय वर्के, नवोदित कला मंच के संस्थापक सुरेश जायसवाल, एस.के.फरेला, दीपक सोनकर, लक्ष्मीनारायण परमार, अंकित वर्मा, गजराज सिंह परमार, रमेश चन्द्र वर्मा, विरेन्द्र यादव, भँवर सिंह कोटवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# रोहिल्ला, टांक, दर्जी, नामदेव समाज सम्मेलन का आयोजन



सीहोर (निप्र)। भाजपा कार्यालय दिल्ली में रोहिल्ला, टांक, दर्जी, नामदेव समाज सम्मेलन में का आयोजन किया गया था। जिसमें सीहोर जिले से भी अनेक सामाजिक पदाधिकारी ने मध्यप्रदेश सिलाई कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ सामाजिक अधिकारी सुनील माहेश्वरी के नेतृत्व में पहुंचकर समाज को जागरूक किया।

इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद सिलाई कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओबीसी की लिस्ट में क्रमांक 18 पर छीपा, दर्जी, छीपी आदि के नाम से अंकित है। इन्ही जातियों में रोहिल्ला एक पर्यायवाची शब्द है जो कि सम्मान सूचक है। हमारा समाज काफी वर्षों से रोहिल्ला शब्द ओबीसी की लिस्ट में जोड़ने का प्रयास कर रहा है। जबकि हरियाणा सरकार की लिस्ट में क्रमांक 16 पर रोहिल्ला लिखा हुआ है। अत: सरकार बनने पर ओबीसी लिस्ट में क्रमांक 18 पर ही छीपी, टांक, छीपा, दर्जी के साथ रोहिल्ला शब्द अंकित करवाया जाए। रोहिल्ला टांक नामदेव समाज की दिल्ली में छह लाख से भी अधिक जनसंख्या है। सारे भारत में हमारे समाज की संख्या 15 करोड़ से भी अधिक है। हमारे समाज के आराध्य देव/गुरु संत शिरोमणि नामदेव हैं, जिनकी वाणी सिक्खों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं।

# काटे के मुकाबले में सीहोर गर्ल्स ने सीहोर क्लब को 1-0 से हराया



सीहोर( निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में बुधवार की शाम को दो मैच खेले गए थे। दोनों ही मुकाबले संघर्षपूर्ण रहे। इसमें पहला मुकाबला सीहोर गर्ल्स ने सीहोर क्लब को 1-0 से हराया और दूसरा मैच सीहोर ग्रीन ने सीहोर ब्लू को 2-1 से हराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शहर के सीनियर खिलाड़ी और वर्तमान में जबलपुर में पदस्थ डीएसपी नंदकिशोर मालवीय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल का काफी महत्व है, आपको स्वास्थ्य के साथ चुस्त रखने के अलावा आप इसको लक्ष्य मानकर खेलते है तो खेल आपको सफलता के रास्ते पर भी आगे बढ़ाने में सहयोग दे सकता है, आज हमें जो नौकरी मिली है, उसमें खेल कोटे का योगदान है। कार्यक्रम के दौरान जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, विपिन पवार, आनंद उपाध्याय, कमलेश अग्रवाल, दीपक गुरुवानी और मनोज अहिरवार आदि ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।बुधवार की शाम को खेले गए पहले मैच में सीहोर गर्ल्स और सीहोर क्लब के मध्य मैच काफी रोमांचक रहा। जिसमें सीहोर गर्ल्स की ओर से एक मात्र गोल मुस्कान मांझी ने किया। जिससे सीहोर गर्ल्स ने सीहोर क्लब को 1-0 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर ब्लू और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर ब्लू को सीहोर ग्रीन ने 2-1 शानदार जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर ग्रीन की ओर से शुभ शर्मा ने 2 गोल और सीहोर ब्लू की ओर से हरून ने 1 गोल किया था।

## आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर का तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

सीहोर( निप्र)। आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर के द्वारा रविवार, 19 जनवरी 2025 को प्रात: 10 बजे से प्रारंभ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों जोड़ों ने यजमान के रूप में भाग लेकर यज्ञ सम्पन्न किया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सत्यम जी आर्य राजस्थान ने यज्ञ संपन्न कर वेदों का उपदेश दिया। इस उद्घाटन समारोह में बाहर से पधारे अतिथि विद्वान मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के सुयोग्य महामंत्री अतुल वर्मा भोपाल गुजरात से पधारे स्वामी धर्मबंधु आर्य गुरुकुल महाविद्यालय नर्मदा पुरम् से पधारे ऋतसपति परिव्राजक दिल्ली से पधारे जितेंद्र भाटिया, कथावाचक मोहित राम जी पाठक, मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से आचार्य विश्वमित्र जी भजन उपदेशक दिलीप आर्य, कथावाचक हरिओम आर्य, देवास से संजय आर्य, गुजरात से पधारे आचार्य विवेक आर्य, बहन दीप्ति आर्या, भोपाल से प्रकाश सोनी, आर्य संभागीय संचालक आर्य वीर दल जिला भोपाल से सभी आगंतुक अतिथि महानुभाव के द्वारा आर्य समाज का उद्घाटन किया गया। मंच का विशेष संचालन श्रुतबंधु आर्य नर्मदा पुरम द्वारा किया गया।

# आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई शोभा यात्रा

**भगवान ने अगर आपको कुछ दिया है तो उसमें अहंकार नहीं आना चाहिए-कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा**



सीहोर( निप्र)। हर समय सत्कर्म करते रहना चाहिए। अच्छे कर्म की जो सुगंध होती है वह श्रेष्ठ होती है। भगवान पद दे, प्रतिष्ठा दे, धन दे, वैभव दे, सत्ता दे, कुर्सी दे, आपकी शोहरत, आपका नाम दे तो प्रयास करना अपनी जिंदगी में ऐसे कर्म करके जाना कि लाखों लोगों की प्रेरणा का एक स्त्रोत बन जाए। पद, प्रतिष्ठा, धन, वैभव, शोहरत, सुंदरता का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। भगवान ने अगर आपको कुछ दिया है तो उसमें अहंकार नहीं आना चाहिए। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार से आरंभ हुई पांच दिवसीय शिव महापुराण के पहले दिन कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कहे। कथा के पहले दिन आस्था और उत्साह के साथ शहर के बड़ा बाजार स्थित प्राचीन सत्यनाराण मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई थी। जिसमें क्षेत्रवासी शामिल थे। अनेक स्थानों पर यात्रा में शामिल पंडित श्री मिश्रा का पुष्प वर्षाकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि चंचुला नाम की स्त्री को जब संत का संग मिला वह शिव धाम की अनुगामिनी बनी। एक घड़ी के सत्संग की तुलना स्वर्ग की समस्त संपदा से की गई है। भगवान शिव भी सत्संग का महत्व मां पार्वती को बताते हुए कहते हैं कि उसकी विद्या, धन, बल, भाग्य सब कुछ निरर्थक है जिसे जीवन में संत की प्राप्ति नहीं हुई। परंतु वास्तव में सत्संग कहते किसे हैं। सत्संग दो शब्दों के जोड़ से मिलकर बना यह शब्द हमें सत्य यानि परमात्मा और संग अर्थात् मिलन की ओर इंगित करता है। परमात्मा से मिलन के लिए संत एक मध्यस्थ है, इसलिए हमें जीवन में पूर्ण संत की खोज में अग्रसर होना चाहिए, जो हमारा मिलाप परमात्मा से करवा दे। भक्ति के बिना जीवन अधूरा है, लाखों योनियों में सबसे सुंदर शरीर मनुष्य का है, भगवान के आशीर्वाद के बिना मनुष्य जीवन प्राप्त नहीं होता भगवान शिव का संपूर्ण चरित्र परोपकार की प्रेरणा देता है। भगवान शिव जैसा दयालु करुणा के सागर कोई और देवता नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com